
Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919

**आज का मौसम**
दिनभर तेज धूप रहेगी, गर्म हवा चलेगी।

| 41.8° | 23.4 |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:32 | सूर्यास्त 06:40 |

## शहर में आज

- **सेमिनार :** जैव ऊर्जा के लिए संसाधनों की योजना व अनुकूलन पर शर्करा संस्थान में सेमिनार सुबह 9:30 बजे।
- **संवाद :** महिला मंच की ओर से संवाद कार्यक्रम मर्चेंट चैंबर ऑफ कॉमर्स में 2:30 बजे।
- **बैठक :** सपा कार्यालय में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के बीच चुनावी बैठक तीन बजे।
- **सम्मेलन :** भाजपा अनुसूचित मोर्चा का सम्मेलन अंध विद्यालय नेहरू नगर में शाम चार बजे।

# पुलिस आवास में दरारें, खाली करने को कहा

## कचहरी परिसर में बन रही मल्टीलेवल पार्किंग की खोदाई से आई दिक्कत, जांच टीम को मिलीं खामियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कचहरी परिसर में बन रही मल्टीलेवल पार्किंग की खोदाई ने आस-पास बने भवनों को नुकसान पहुंचाया है। डीएम के निर्देश पर बनी कमेटी के निरीक्षण में कई पुलिस आवास में बाहर की तरफ दरारें मिली हैं। जिसके बाद टीम ने पुलिस आवासों को खाली कराने की जरूरत बताई है। टीम का कहना है कि यदि खोदाई कराई गई तो आवासों को और भी नुकसान पहुंच सकता है। वहीं, पुलिस के आलाधिकारियों के लिये अब चिंता है कि इन आवासों में रहने वाले परिवारों को कहां शिफ्ट कराया जाये।

वीआईपी रोड पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिये कचहरी परिसर में छह मंजिला मल्टीलेवल पार्किंग बनाई जानी है। इसमें 348 कारों के साथ ही 176 बाइकें आराम से खड़ी हो जाएंगी। योजना में 35.20 करोड़ रुपये से गंगा इंफ्राबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड ने काम शुरू किया है।


मल्टीलेवल पार्किंग की खोदाई स्थल से कुछ दूर पर बने आवासों में आई दरार। अमृत विचार

**125** पुलिस आवास हैं कुल।
**35.20** करोड़ से बन रही पार्किंग
**15** दिनों से खोदाई का काम रुका हुआ है।

बीते दिनों खोदाई के दौरान पुलिस विभाग के भवन व आस-पास की मिट्टी गिरने लगी थी। जिसके बाद सीएंडडीएस के परियोजना प्रबंधक सर्वेश कुमार वर्मा ने केएससीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानि नगर आयुक्त शिवशरणप्पा को रिपोर्ट भेजी थी। नगर आयुक्त ने डीएम राकेश सिंह को पत्र लिखकर बताया कि मिट्टी खोदते समय पुलिस विभाग के भवन व आस-पास की मिट्टी गिरने लगी है। इससे भवनों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। सुरक्षा के मद्देनजर भवनों की मजबूती की जांच जरूरी है। इसके बाद डीएम के निर्देश पर नगर आयुक्त ने चार सदस्सीय कमेटी गठित की है।

- पुलिस अधिकारियों में चिंता आवासों को खाली कराकर कहां करें परिवारों को शिफ्ट

### स्मार्ट सिटी ने कहा, पूरी बिल्डिंग करानी पड़ेगी खाली

- स्मार्ट सिटी के नोडल अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि खोदाई कराने के लिये जरूरी है कि आस-पास के भवनों को खाली कराया जाये। पुलिस अधिकारियों से हम लोगों ने आवास खाली कराने के लिये आग्रह किया है लेकिन उनके साथ समस्या है कि 125 पुलिस आवास में रहने वाले परिवारों को कहां शिफ्ट किया जाये।

### पहले भी जताई गई थी आशंका

- पुरातत्व विभाग (एएसआई) की आपत्ति के बाद मल्टीलेवल पार्किंग के प्रस्तावित भवन को 10 मीटर पीछे हटाते हुये बनाने का फैसला लिया गया है। इससे पहले निर्माण कार्य के पास मौजूद खस्ताहाल भवनों को गिराने या स्थानांतरित करने की मांग की गई थी। लेकिन, सीएंडडीएस ने कार्य शुरू कर दिया।

# कुशाग्र कांड में तीन मई को तय होंगे आरोप


कुशाग्र कांड


आरोपी प्रभात, रचिता व शिवा गुप्ता।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हत्यारोपी शिवा व प्रभात के अधिवक्ता ने की बहस
- ट्यूशन टीचर रचिता के वकील कोर्ट में नहीं हुए पेश

**अमृत विचार।** कपड़ा कारोबारी के 16 वर्षीय बेटे कुशाग्र हत्याकांड के मामले में सोमवार को सुनवाई की गई। हत्यारोपी शिवा व प्रभात के वकील ने कोर्ट में बहस की, वहीं ट्यूशन टीचर रचिता वत्स के वकील की नामौजूदगी के कारण कोर्ट ने अंतिम अवसर देते हुए आरोप तय करने तिथि तीन मई निर्धारित की।

आचार्य नगर निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया का बेटा कुशाग्र 30 अक्टूबर 2023 को कोचिंग जाने के लिए घर से निकला था। कुशाग्र की ट्यूशन टीचर रचिता वत्स के प्रेमी प्रभात शुक्ला उसका अपहरण कर ओमपुरवा स्थित आवास पर ले आया था, जहां उसकी हत्या कर दी थी। प्रभात के साथी शिवा उर्फ आर्यन ने फिरौती का पत्र मनीष के घर में फेंका था। रायपुरवा पुलिस ने कुशाग्र का शव प्रभात के घर से बरामद कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामला एडीजे सात आजाद सिंह की कोर्ट में विचाराधीन है। डीजीसी दिलीप अवस्थी व अधिवक्ता चिन्मय पाठक ने बताया कि सोमवार को सुनवाई के दौरान हत्यारोपी प्रभात व शिवा गुप्ता के अधिवक्ता मनीष शर्मा ने कोर्ट में बहस की। वहीं रचिता वत्स के वकील सोमवार को भी सुनवाई में शामिल नहीं हुए, जिसके बाद कोर्ट ने एक मई को बहस का अंतिम अवसर देते हुए तीन मई आरोप तय करने की तिथि निर्धारित की है।

## अपराध

### कालोनी दिलाने के नाम पर हड़पे रुपये, रिपोर्ट

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कॉलोनी दिलाने का झांसा देकर जालसाज ने सात महिलाओं के रुपये हड़प लिए। रुपये वापस मांगने पर धमकाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी को हिरासत में लिया है। पशुपति नगर निवासी हेमलता ने बताया कि उनके पति संतोष ई-रिक्शा चालक हैं। पड़ोसी के माध्यम से उनकी मुलाकात रावतपुर निवासी अनुज चंद्रा से हुई। अनुज ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सनिगवां में कॉलोनी दिलाने का झांसा देकर फरवरी माह में उनसे 20 हजार रुपये ले लिए। साथ ही उनकी परिचित क्षमा तिवारी से पांच हजार, उपासना से 35, रामनारायन से 10, रेनू पासवान से 35, मनीषा से 30, उमा सोनवानी से 28 व सोनी बाजपेई से 15 हजार रुपये लिए लेकिन कॉलोनी नहीं मिली। कई बार कहा तो टालमटोली करता रहा। इसके बाद बीते शनिवार को उन्होंने 15 हजार रुपये देने की बात कह कर अनुज को घर बुलाया और नौबस्ता पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने अनुज को हिरासत में ले लिया।

# पति के दोस्त ने दुष्कर्म किया, शिकायत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बजरंग दल नेताओं के साथ पुलिस ऑफिस पहुंची महिला
- नौबस्ता पुलिस को तत्काल रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश

**अमृत विचार।** सोमवार को एक महिला बजरंग दल के नेताओं के साथ पुलिस ऑफिस पहुंची और आरोप लगाया कि दूसरे धर्म का युवक ब्लैकमेल कर उसे अपने साथ कानपुर ले आया और एक वर्ष तक दुष्कर्म किया। धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया। पीड़िता एडिशनल सीपी हेडक्वाटर्स से मिली और प्रार्थना पत्र दिया। अफसर ने एफआईआर के आदेश दिए।

महोबा निवासी महिला ने अफसर को बताया कि आरोपी हाशिम मोहम्मद उसके पति का दोस्त था। उसने घर के बाहर बने बाथरूम में पीड़िता का चोरी से वीडियो बना लिया और ब्लैकमेल करने लगा।

> महिला ने शिकायत की है। नौबस्ता थाने को तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।
> –विपिन कुमार मिश्रा एडिशनल सीपी हेडक्वाटर्स व क्राइम

धमकाकर तीनों बच्चों के साथ हाशिम मोहम्मद नौबस्ता ले आया। आरोपी दुष्कर्म करता है और धर्म परिवर्तन के लिए कई बार धार्मिक स्थल ले गया। उसकी छोटी बेटी के साथ भी उसने दुष्कर्म करने का प्रयास किया था।

# तलवार से काटने जा रहे थे केक तीन गिरफ्तार

**कानपुर।** विश्वविद्यालय परिसर में जन्मदिन के अवसर पर तलवार से केक काटने जा रहे तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके साथियों की तलाश की जा रही है।

एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि सोमवार रात सूचना मिली कि कुछ लोग रंजन होटल चौराहे के पास मैदान में जन्मदिन के अवसर पर तलवार से केक काटने जा रहे हैं। विश्वविद्यालय चौकी की फोर्स मौके पर पहुंची और तीन युवकों को दबोच लिया। युवकों की पहचान कल्याणपुर बुद्धापार्क निवासी राजा सिंह, नवाबगंज के सुखऊपुरवा निवासी शिव व विपिन के रूप में हुई है। पुलिस उनके अन्य साथियों और तलवार के बारे में पता लगाने में जुटी हुई है।

# पारा पहुंचा 41.8, अभी और बढ़ेगी गर्मी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने तापमान और अधिक बढ़ने की संभावना जताई है। सोमवार को अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सुबह से ही तेज धूप और तपिश ने शहर को अपने आगोश में ले लिया। सहालग के मौसम में भी बाजारों में दोपहर को सन्नाटा रहा। दोपहर में लोग भी बाहर निकलने से बचते रहे। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि शहर में 24 घंटे में एक डिग्री पारा अधिक रिकॉर्ड किया गया है। रविवार को दर्ज अधिकतम पारा 40.2 से बढ़कर सोमवार को 41.8 दर्ज किया गया। यह सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस अधिक है। रविवार के मुकाबले रात के तापमान में नर्मी दर्ज की गई। रविवार को रात का तापमान 23.4 रिकॉर्ड किया गया। यह सोमवार को घट कर 20.8 रिकॉर्ड किया गया।


दोपहर में सूना पड़ा घंटाघर चौराहा। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि शनिवार तक पारे में बढोतरी की संभावना है। लू जैसा एहसास भी हो सकता है। बीच में दो दिन बादल भी छाए रहने का अनुमान है। बारिश की कोई संभावना नहीं है।

- तेज हवाओं ने दोपहर में लू जैसे हालात पैदा किए

### सब्जियों को झुलसा रही गर्मी, पीली पड़ रहीं पत्तियां

- तेज गर्मी की वजह से सब्जियों और फलों की पत्तियां पीली पड़ने लगी हैं। शाक-भाजी विशेषज्ञों का कहना है कि किसानों को फसल में सूक्ष्म पोषक का छिड़काव करना शुरू करना चाहिए। सीएसए के सब्जी अनुभाग के सस्य वैज्ञानिक डॉ. राजीव ने बताया कि समय से पहले बढ़े तापमान का असर सब्जियों की फसल पर दिखने लगा है। लौकी, भिंडी, तरोई व खीरे की फसल पर नई पत्तियां पीली पड़ रही हैं। फसल को नुकसान हो सकता है। ऐसी स्थिति में किसानों को चाहिए कि वे सूक्ष्म पोषक का छिड़काव करना शुरू कर दें। इसका छिड़काव 12 से 15 दिन के भीतर दो से तीन बार करना जरूरी हो गया है।

## विदाई समारोह



**अंतरा यादव बनीं मिस जीएनजी व रिचा सिंह मिस लेखिका ...**
सुंदर नगर स्थित गुरुनानक गर्ल्स पीजी कालेज के परिसर में स्नातक व परास्नातक के छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छात्राओं ने नृत्य, गायन, कैटवॉक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। महाविद्यालय में मिस जीएनजी कालेज का खिताब एमए की छात्रा अंतरा यादव ने अपने नाम किया। बीए तृतीय वर्ष की रोशनी ने दूसरा और पूनम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की मिस लेखिका रिचा सिंह, मिस आर्टिस्ट हिना, मिस हैप्पी सोल श्रद्धा त्रिपाठी, मिस टेलेंटेड काजल परिहार, मिस आलराउंडर में रश्मि शुक्ला का चयन किया गया।

# छेड़खानी के विरोध पर परिवार को पीटा

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में आरोपी ने अनुसूचित जाति की युवतियों से छेड़खानी कर दी। विरोध किया तो आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर परिवार को मारापीटा। पुलिस कमिश्नर के आदेश से चकेरी थाने ने रिपोर्ट दर्ज की है। अहिरवां के एक गांव निवासी पीड़ित के अनुसार एक अप्रैल की रात को उनकी भतीजी और साली छत पर सोने गई थीं। तभी पड़ोसी अशोक सैनी ने अश्लील इशारे किये। विरोध किया तो आरोपी ने जातिसूचक शब्द कहकर अपने साथियों के साथलाठी डंडे और चाकू लेकर हमला कर दिया। आरोपियों ने पीड़ित को मारापीटा। बीच बचाव करने पर आरोपियों ने पीड़ित के परिवार को भी मारापीटा। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद उन्होंने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से शिकायत की।

# पत्नी के हत्यारोपी को लगी गोली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र के कटरा इलाके में पत्नी गुंजन गुप्ता की अवैध संबंधों के शक में चाकू से गोदकर हत्या करके फरार आरोपी पति शिवा को कपली ओवरब्रिज के पास पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगी।

पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। उस पर पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित किया था।


मुठभेड़ में घायल शिवा।

पनकी कटरा में रायबरेली के ऊंचाहार पूरे इमलिया निवासी शिवा पत्नी गुंजन के साथ रहता था। दोनों ने प्रेम विवाह किया था। रामनवमी के दिन गुंजन का शव कमरे में मिला था। चाकू से गोदकर उसकी हत्या की गई थी। वारदात के बाद से शिवा फरार था। एसीपी पनकी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि सोमवार देर शाम कपली ओवरब्रिज के पास पुलिस ने शिवा को पकड़ने की कोशिश की तो आरोपी ने तमंचे से फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में शिवा के पैर में गोली लगी।

- अवैध संबंधों के शक में पत्नी को चाकू से गोदकर मार डाला था
- 17 अप्रैल को की थी वारदात तब से चल रहा था फरार

# दरोगा पर अभद्रता का आरोप, हंगामा

**कानपुर।** रावतपुर थानाक्षेत्र में एक बाइक पर बैठकर जा रहे तीन भाजपा कार्यकर्ताओं ने दरोगा पर अभद्रता का आरोप लगाकर थाने में जमकर हंगामा काटा। पुलिस अधिकारियों ने बीच में पड़कर नाराज भाजपाइयों को समझा बुझाकर शांत करा दिया।

रावतपुर गांव निवासी भाजपा कार्यकर्ता मयंक शुक्ला सोमवार रात अपने दो साथियों के साथ बाइक से जा रहा था। रावतपुर इंस्पेक्टर अशोक सरोज ने उन्हें रोक लिया। मयंक के परिचय देने पर इंस्पेक्टर ने उन्हें नसीहत देकर जाने को कहा। लेकिन भाजपा कार्यकर्ता ने दरोगा धर्मेंद्र यादव पर अभद्रता का आरोप लगाया। मामले की जानकारी पर वार्ड अध्यक्ष आयुष शुक्ला, सुमित, सरोज, दीपक शुक्ला समेत अन्य भाजपाइयों ने थाने पहुंचकर हंगामा कर दिया। इंस्पेक्टर ने समझा बुझाकर शांत किया। कल्याणपुर एसीपी ने बताया कि सभी को समझा बुझाकर शांत कर दिया गया है।

**खेल प्रतिभा** कराटे की टीम ने सेकेंड डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप में अपने नाम किये 20 पदक

# टीएसएच के खिलाड़ियों ने लगाई पदकों की झड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) के खिलाड़ियों ने पदकों की झड़ी लगाई। सेकेंड डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप में टीएसएच की जूनियर और सीनियर टीमों ने कुल 20 पदक अपने नाम किये। जिसमें 10 गोल्ड, 8 सिल्वर, 2 ब्रांज मेडल शामिल हैं। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में 12 ईडब्लूएस वर्ग के शामिल रहे, जिन्हें टीएसएच ने निशुल्क प्रशिक्षण दिया गया।

कानपुर नगर निगम, खेलो इंडिया और फिट इंडिया के सहयोग से आर्यनगर में संचालित द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में खेलों का निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले ईडब्लूएस वर्ग के बच्चों ने पदकों की झड़ी लगा दी। सेकेंड डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप में रविवार को लालबंगला स्थित गुरुद्वारा माता साहिब कौर में टीएसएच के जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों ने कुल 20 पदक हासिल किये। टीएसएच के बोर्ड आफ डायरेक्टर ने विजेता खिलाड़ियों एवं दोनों कोच को 2100-2100 रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।



पदक विजेता खिलाड़ियों ने मनाई खुशी। अमृत विचार

### यह रहे परिणाम

- जूनियर वर्ग में व्हाइट बेल्ट में श्रद्धा (गोल्ड), विन्शी (गोल्ड), रिदम सिंह (गोल्ड), जुनैद रजा (सिल्वर), येलो बेल्ट में मेहर भट्टर (गोल्ड), शिखर मिश्रा (सिल्वर), अंशुमान गुप्ता (गोल्ड), परनिका गुप्ता( गोल्ड), सृष्टी (2सिल्वर), अंशिका (ब्रांज)।

### सीनियर वर्ग में

- पर्पल बेल्ट में रियान अहमद को दो गोल्ड मेडल, ब्लैक बेल्ड में वान्या तोमर को दो गोल्ड मेडल, पर्पल बेल्ट अबान अहमद को दो सिल्वर मेडल, आरेंज बेल्ट में अंश यादव को दो सिल्वर मेडल मिले वहीं, ग्रीन बेल्ट में अव्यान गुप्ता ने एक ब्रांज मेडल अपने नाम किया।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# आईआईटी ने वायु प्रदूषण के नए स्त्रोत खोज निकाले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों ने वायु प्रदूषण की नए सिरे से पहचान की है। प्रदूषण के नए स्त्रोत की जानकारी और उसका स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर को भी पहचाना है। विशेषज्ञों की इस रिपोर्ट को नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। इस शोध के लिए गंगा किनारे बसे पांच शहरों के साथ राजधानी क्षेत्र से भी नमूने लिए गए थे।



प्रो.सच्चिदानंद त्रिपाठी।

- लकड़ी, गोबर, कोयला, पेट्रोल जैसे ईंधनों का अधूरा दहन बढ़ा रहा प्रदूषण
- गंगा किनारे बसे पांच शहरों के साथ राजधानी क्षेत्र से भी नमूने लिए गए थे
- नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित किया गया शोध





**20** करोड़ की लागत से बनाई गई स्पेशल वैन करेगी प्रदूषण की जांच

**11** दिनों तक वैन शहर के अलग-अलग स्थानों पर घूमने के बाद रिपोर्ट तैयार करेगी।

### यह निकला परिणाम

- इस अध्ययन में पाया गया कि दिल्ली के अंदर यातायात, आवासीय हीटिंग और औद्योगिक गतिविधियों से अमोनियम क्लोराइड और कार्बनिक एरोसोल का उत्पादन बढ़ा है। दिल्ली के बाहर कृषि अपशिष्ट जलाने से होने वाला उत्सर्जन और इन उत्सर्जन से बनने वाले द्वितीयक कार्बनिक एरोसोल अधिक मिले हैं। इस समस्या में लकड़ी, गोबर, कोयला और पेट्रोल जैसे ईंधन का अधूरा दहन भी शामिल है। इससे हानिकारक कण बनते हैं जो फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकते हैं और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं।

आईआईटी कानपुर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और सस्टेनेबल एनर्जी इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर सच्चिदानंद त्रिपाठी ने यह शोध किया है। इस शोध ने उत्तरी भारत में हानिकारक वायु प्रदूषकों के प्रमुख स्रोतों के साथ उनके मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव का पता लगाया है। अध्ययन से पता चलता है कि स्थानीय उत्सर्जन, विशेष रूप से विभिन्न ईंधनों के अधूरे दहन से, क्षेत्र में खराब वायु गुणवत्ता स्वास्थ्य प्रभावित करते हैं। प्रोफेसर सच्चिदानंद त्रिपाठी ने कहा कि वायु प्रदूषण के स्रोतों और उत्तरी भारत में मानव स्वास्थ्य पर उनके प्रभाव के बारे में नए अध्ययन से इससे निपटने की प्रभावी रणनीति विकसित करने में मदद करेगी।

### स्पेशल वैन जांचेगी शहर में प्रदूषण

- आईआईटी कानपुर ने 20 करोड़ से एक ऐसी वैन तैयार की है जो शहर के विभिन्न इलाकों में घूम-घूम कर प्रदूषण की जांच करेगी। इस वैन के माध्यम से यह पता लगाना आसान हो जाएगा कि किस गली या मोहल्ले में कितना ज्यादा प्रदूषण है। इसके साथ-साथ वैन यह भी बताएगी कि प्रदूषण किन कारणों से फैल रहा है। इस वैन का नाम 'लैबोरेट्री वैन' रखा गया है। यह वैन 11 दिनों तक शहर के अलग-अलग स्थानों पर घूमने के बाद रिपोर्ट तैयार करेगी। अभी शुरुआत में वैन को क्राइस्ट चर्च कॉलेज मॉल रोड और नारायणा कॉलेज पनकी के पास तैनात किया जाएगा।

# मध्यस्थता के लिए बुलाया अभद्रता कर लूटी चेन

- पीड़िता ने हनुमंत विहार थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ऑनलाइन कोचिंग क्लासेज खोलने के लिए 20 लाख रुपये न देने पर दहेज प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता मायके में रहने लगी। ससुरालीजनों ने मध्यस्थता के लिए बुलाकर विवाहिता के साथ अभद्रता की। विरोध पर मारपीट की। पीड़िता ने हनुमंत विहार थाने में ससुरालीजनों के खिलाफ लूट, छेड़खानी, मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई।

रसूलाबाद निवासी विवाहिता ने बताया कि उनकी शादी नवंबर 2022 में देवकी नगर निवासी युवक से हुई थी। बताया कि पति ने एक नामी कंपनी की ऑनलाइन कोचिंग क्लास खोलने के लिए 20 लाख रुपये की मांग की थी। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजन आए दिन प्रताड़ित करते थे, जिसके कारण वह मायके में रह रही थी।

मध्यथता के लिए ससुरालीजनों ने बीते चार अप्रैल को घर बुलाया था। वह पिता और भाई के साथ गईं थीं। जहां देवर ने उनके साथ अभद्रता की। कर उनके परिजनों संग मारपीट कर दी। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने चेन व नकदी लूट ली। हनुमंत विहार थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### विश्वविद्यालय ने किया समझौता

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में कंपनी साइबर नेक्स, आईटेक इनोवेशन फाउंडेशन और स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के बीच एक समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत कंपनियों से तकनीकि सहायता के साथ ही विश्वविद्यालय के युवाओं को रोजगार भी हासिल हो सकेगा। समझौता पत्र में गणित एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की समन्वयक डॉ. नमिता तिवारी और भौतिक विज्ञान विभाग की डॉ. अंजू दीक्षित और नोएडा की क्वांटम कंप्यूटिंग में कार्यरत कंपनी साइबर नेक्स के निदेशक डॉ. अश्विन सक्सेना और आईटेक इनोवेशन फाउंडेशन, ग्रुप के निदेशक आलोक पांडे ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

### छात्रों को स्किल के बारे में बताया गया

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज एवं स्किल्स एंड एजुकेशन ग्रुप व यूनाइटेड किंगडम की ओर से सोमवार को कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम में अंग्रेजी भाषा को रोजगारपरक बनाने, संवाद कौशल विकसित करने, छात्रों को विदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने जैसे बिन्दुओं पर चर्चा हुई। इस दौरान जॉय ज्योति नंदी ने स्किल्स एंड एजुकेशन ग्रुप की ओर से होने वाले कौशल परक सर्टिफिकेट प्रोग्राम "इंटरनेशनल इंग्लिश फॉर स्पीकर्स ऑफ़ अदर लैंग्वेजेज" के बारे में छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# शिक्षक भर्ती घोटाले में 9 के खिलाफ एफआईआर

## शिक्षा विभाग के फर्जी ई-मेल आईडी से आया था भर्ती आदेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शिक्षा विभाग के शिक्षक भर्ती घोटाले में सोमवार को 9 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गई है। यह वे आरोपी हैं जिनके नाम फर्जी ई-मेल आईडी से नियुक्ति के लिए विभाग भेजे गए थे। इनमें से दो आरोपियों ने बालिका इंटर कॉलेज में नियुक्ति भी हासिल कर ली थी। इन शिक्षकों को वेतन भी जारी हो गया था।

फर्जी नियुक्ति मामले में शिक्षा विभाग की ओर से रविवार को थाना कर्नलगंज में तहरीर दी गई थी जिसपर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 467,468 व 471 में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी अरविंद सिंह यादव, स्वाती द्विवेदी, आशीष कुमार, नितिन कुमार, ज्योति यादव, विनय सिंह, विनीता देवी, रिक्षा पाण्डेय व विनीत चौधरी हैं। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेजों से धोखाधड़ी की धारा में एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। उधर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच बारीकी से की जा रही है।



**02** शिक्षकों ने ज्वाइन भी कर लिया, वेतन भी जारी कर दिया गया

**मेल आईडी की भी जांच:** शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि फर्जी नियुक्ति मामले में विभाग में आई ई-मेल आईडी की जांच भी कराई जाएगी। इसके लिए विशेषज्ञों की भी सहायता ली जा सकती है। इस जांच में ई-मेल आईडी के जारी होने का स्त्रोत का पता किया जाएगा। इस रिपोर्ट को भी उच्च स्तरीय कमेटी के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।

### निदेशालय ले रहा जानकारी

- शिक्षा विभाग की ओर से फर्जी नियुक्ति मामले में शिक्षा निदेशालय भी लगातार जानकारी हासिल कर रहा है। शिक्षा विभाग की ओर से रोजाना उच्च अधिकारियों को घटना के बारे में जानकारी दी जा रही है। अब तक इस मामले में कई अभिलेखों की भी मांग निदेशालय की ओर से की जा चुकी है। इस पर विभाग की ओर से अभिलेख निदेशालय को प्रस्तुत कराया जा चुका है।

### यह है पूरा मामला

- माध्यमिक शिक्षा विभाग में अक्टूबर 2023 में एडी माध्यमिक की ओर से एक ई-मेल में नियुक्ति का पैनल भेजा गया था। इस पैनल में 9 शिक्षकों के नाम दिए गए थे। नौ में से दो शिक्षकों ने बालिका इंटर कॉलेज में नौकरी भी शुरू कर दी थी। उनके वेतन का भुगतान भी होने लगा था। बीते शनिवार को यह खुलासा हुआ कि एडी माध्यमिक की ओर से जिले में आई मेल फर्जी थी। मेल आईडी में छोटा सा हेरफेर कर उसे भेजा गया था।



ट्रांसफार्मर में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार



आग की घटना के बाद सिलेंडर निकालता दमकलकर्मी। अमृत विचार

# तीन मकानों समेत कई स्थानों पर लगी आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सोमवार को भी चमनगंज, कर्नलगंज, फजलगंज समेत कई स्थानों पर आग की घटनाएं हुईं। तीन मकानों और ट्रांसफार्मर और झाड़ियों में आग लगी।

चमनगंज थानाक्षेत्र में देर रात हलीम मुस्लिम चौराहे के पास मकान में आग लगी। कर्नलगंज और लाटूश रोड से एफएसएसओ प्रदीप शर्मा और कैलाश चंद्रा के नेतृत्व में दो दमकल मौके पर पहुंचीं और आग बुझाई। घर में कोई रहता नहीं था।

**कर्नलगंज में मकान में लगी आग :** कर्नलगंज थानाक्षेत्र में सुदर्शन नगर में मकान में आग लग गई। दमकल पहुंची तो देखा मकान के ऊपरी मंजिल के किचन, स्टोर में आग लगी थी। पहले वहां से सिलेंडर को निकाला गया और इसके बाद गृहस्थी का सामान किनारे करके आग बुझाई। वहीं फजलगंज थानाक्षेत्र में चारखंभा चौराहे के पास एक मकान में सुबह आग लग गई। दमकल ने आग बुझाई।

### फजलगंज में धू-धूकर जला ट्रांसफार्मर

- फजलगंज थानाक्षेत्र के गड़रियनपुरवा इलाके में सोमवार सुबह उमराव मिल के सामने रखे ट्रांसफार्मर में आग लग गई। फायर स्टेशन फजलगंज से फायर टेंडर ने पहुंचकर आग को बुझा दिया। वहीं सजेती थानाक्षेत्र के गांव कैथा में भूसे में आग लगी जिसे बुझा दिया गया।

### जंगल में लगी आग

- छावनी थानाक्षेत्र में गोरा कब्रिस्तान लालकुर्ती के जंगल में आग लगी। फायर स्टेशन मीरपुर छावनी से आई दमकल ने आग को बुझा दिया।

### खेत में रखे भूसे में लगी आग

- महाराजपुर थानाक्षेत्र के ग्राम सरसौल में खेत में रखे भूसे मे आग लग गई। फायर स्टेशन जाजमऊ से दो फायर यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुईं और आग को बुझाया। कोई जनहानि नहीं हुई।

### चलती बोलेरो में उठीं लपटें

- **कानपुर।** कोतवाली थानाक्षेत्र में सिविल लाइंस ग्रीन पार्क के बाहर सोमवार दोपहर शार्ट सर्किट से कार के बोनट से चिंगारी उठने लगी। इस दौरान बोलेरो में बैठी सवारियां बाहर निकलकर खड़ी हो गईं। देखते ही देखते तेज धुआं निकलने लगा। स्थानीय लोगों ने बाल्टी से पानी डाल कर कार पर काबू पाया।

# पति का चाकू से गला काटा और पेट फाड़ दिया था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिधनू थानाक्षेत्र में अवैध संबंधों में पत्नी राखी उर्फ संतो ने देवर मनोज के साथ मिलकर पति दिनेश अवस्थी की चाकू से गला काटकर पेट में घोपकर हत्या की थी। गला में चाकू मारने के कारण श्वास नली कट गई। जिसके कारण अधिक रक्तस्त्राव से युवक की मौत हो गई। यह वारदात करीब पांच दिन पहले की गई थी। इन सब बातों की पुष्टि डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम करने के दौरान की है। इस हत्याकांड में सबसे छोटे भाई असनी अवस्थी की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी और भाई के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ट्रक चालक दिनेश अवस्थी का सबसे छोटा भाई लखीमपुर के कुडरीरूपसेना मूलगांव निवासी असनी अवस्थी सोमवार को अन्य रिश्तेदारों के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा। वह बड़े भाई की आदतों से काफी खफा दिखा। उसका कहना था कि 2022 में मां शकुंतला की मौत के बाद से सब अलग हो गए। बताया कि बीच वाला भाई मनोज कुछ नहीं करता था।



जानकारी देता छोटा भाई असनी।

### ये था मामला

खेरसा गांव निवासी 42 वर्षीय दिनेश अवस्थी पत्नी राखी उर्फ संतो और छोटे भाई मनोज अवस्थी के साथ एक ही मकान में रहता था। करीब एक वर्ष पहले दिनेश ने लखीमपुर से राखी उर्फ संतो नाम की युवती से प्रेम विवाह किया था। रविवार सुबह घर से सटे तालाब में दिनेश का शव उतराता मिला था। धारदार हथियार से उसकी हत्या की गई थी। पत्नी और भाई मनोज फरार थे। पुलिस जांच में देवर और भाभी के बीच अवैध संबंधों की बात सामने आई है।

# जिलाबदर ने की छेड़छाड़ पूरे परिवार को पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

**अमृत विचार।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में जिलाबदर अपराधी ने साथियों के साथ मिलकर महिला और युवती से छेड़छाड़ की। विरोध किया तो पूरे परिवार को मारापीटा। जिसमें महिला और युवती समेत पांच लोग घायल हो गए। पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस ने उनका मेडिकल कराया लेकिन रिपोर्ट नहीं दर्ज की। वहीं पुलिस का कहना है कि पड़ोसियों के बीच का विवाद है। दोनों पक्षों को पाबंद किया गया है।

सरोजनी नगर निवासी महिला ने बताया कि 27 अप्रैल की रात वह घर के बाहर सो रही थीं। तभी क्षेत्र का एक जिलाबदर अपराधी अपने साथियों के साथ आया और छेड़छाड़ करने लगा। शोर सुनकर जब परजिनों ने विरोध किया तो पति और दोनों बेटों को पीटकर घायल कर दिया। वहीं पड़ोस की एक अन्य महिला ने भी अपनी बेटी से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पीड़िता का आरोप है कि नजीराबाद पुलिस ने उनका मेडिकल कराया लेकिन तीन दिन बीतने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट तक नहीं दर्ज की। इस संबंध में नजीराबाद थाना प्रभारी कौशलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पड़ोसी महिलाओं के बीच विवाद हुआ था जिसे लेकर दोनों पक्षों से लोगों को पाबंद किया गया है।

# गर्मी शुरू होते ही बिजली का सितम और बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गर्मी शुरू होते ही बिजली का भी सितम चालू हो गया है। घंटों तक बिजली गुल होने की वजह से लोगों को गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न आने से परेशान उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत करने पर अश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन तय समय पर उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल रही है।

बर्रा विश्व बैंक खंड के अंतर्गत इनकमर नंबर दो की सीटी खराब होने के कारण सोमवार सुबह करीब 11 बजे जरौली एक व दो, हरदेव नगर और खाडेपुर क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने की वजह से लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ा। दो घंटे तक भी बिजली न आने पर चारों क्षेत्र के लोगों ने केस्को मुख्यालय के 1912, कंट्रोल रूम नंबर और एक्स पर शिकायतें की। क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक शिकायत करने पर पहले एक घंटे, दोबारा शिकायत करने पर फिर एक घंटे और तीसरी बार भी शिकायत करने पर एक से डेढ़ घंटे में बिजली आने की जानकारी केस्को अधिकारियों द्वारा दी गई। लेकिन केस्को अधिकारियों द्वारा बताए गए समय पर बिजली नहीं आ सकी। बिजली शाम पांच बजे के बाद आई। वहीं, पॉवर ट्रांसफार्मर में अनुरक्षण कार्य की वजह से आर्य नगर फीडर की बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक गुल रही। कारवालो नगर फीडर से जुड़े घरों व दुकानों की बिजली दोपहर 12 बजे से शाम पांच बजे तक नहीं रही। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला के मुताबिक 1912 पर आई 50 शिकायतों का निस्तारण किया गया है।

## सार-संक्षेप



सिग्मा ग्रुप ने समारोह में नए उत्पाद की जानकारी दी। अमृत विचार

### सिग्मा ने पेश किया नया उत्पाद

**कानपुर।** सिग्मा ग्रुप ने सिग्मा ग्रिप लॉक टीएमटी बार की सफलता के बाद अपना नया उत्पाद सिग्मा सीआरसीयू 550 एसडीटीएमटी बार्स को बाजार में उतारा है। बिठूर स्थित श्री गंगा वैली आयोजित समारोह में कंपनी ने अपने नए उत्पाद की खासियतें बताईं। इस दौरान सिग्मा ग्रुप के चेयरमैन नवीन जैन, निदेशक नवनीत जैन, प्रहर्ष जैन सहित यूपी के कई जिलों के वितरक शामिल हुए। कंपनी ने अपना नया उत्पाद सिग्मा सीआरसीयू 550 एसडीटीएमटी बार्स को बाजार में उतारा है। इस उत्पाद में मौसम प्रतिरोधक क्षमता, आरसीसी के साथ 10 गुना मजबूत पकड़, भूकम्परोधी, किफायती इको फ्रेंडली, मजबूती के साथ लचीलापन सहित अन्य खूबियां भी शामिल हैं।



प्रतियोगिता के विजयी बच्चे प्रमाणपत्र के साथ। अमृत विचार

### अनुष्का व निकुंज ने मारी बाजी

**कानपुर।** जेडी एजुकेशन सेंटर में सोमवार को चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। दो ग्रुप में आयोजित प्रतियोगिता में 19 स्कूलों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों में ग्रुप ए में अनुष्का सिंह ने पहला, प्रणिश यादव ने दूसरा, रुसंक कौशल ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह ग्रुप बी में निकुंज चौहान ने पहला, निदा फातिमा ने दूसरा व ईशा गुप्ता ने तीसरा स्थान हासिल किया है। प्रतियोगिता की शुरुआत स्कूल की प्रधानाचार्य विनीता सक्सेना ने किया। निर्णायक मंडल के रूप में शिक्षिका रमा पाण्डेय, जस्मिल रिजवी, लक्ष्मी मिश्रा व दिव्या बाजपेई ने प्रतिभागियों को अंक प्रदान किए।

### मानव संसाधनों की भूख संतुलन बिगाड़ रही

**कानपुर।** क्राइस्ट चर्च कॉलेज में भारतीय शिक्षा मंत्रालय की वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग के सहयोग से सोमवार को डॉ.सर्वपल्ली राधा कृष्णन ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। इसका उद्देश्य शैक्षिक पाठ्यक्रमों में वैज्ञानिक और तकनीक शब्दावली उपयोग छात्रों व समाज के लाभ के लिए विद्यवानों, शोधकर्ताओं और उद्योगपतियों को एक मंच पर लाना रहा। प्रधानाचार्य डॉ.जोसेफ डेनियल ने कहा कि हाल के दशकों में मानव समुदाय की संसाधनों की भूख ने अनेक इकोसिस्टम को तोड़ने की सीमा तक पहुंचा दिया है। इससे संतुलन बिगड़ रहा है। सीएसटीटी कार्यक्रम समन्वयक डॉ.आशोक सेल्वेटकर ने कहा कि सीएसटीटी शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के तहत कार्य कर रहा है, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। भारत सरकार के वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग के अध्यक्ष प्रो. गिरीश नाथ ने प्रतिभागियों को हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में तकनीक लेखन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों से किताबें, पत्रिकाएं और जर्नल्स को हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं में प्रकाशित करने का आग्रह किया।

**हेल्थ अलर्ट** हैलट की इमरजेंसी में आधा दर्जन मरीज किए गए भर्ती, तेज धूप में सिर दर्द के साथ चक्कर आने व बुखार से ग्रस्त हो रहे लोग

# बदलते मौसम में दिमागी बुखार के रूप में हमला कर रहा वायरल



हैलट अस्पताल की ओपीडी में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मौसम में बढ़ रही गर्मी की वजह से लोगों की हालत खराब होने लगी है। वही, वायरल बुखार अब दिमागी बुखार के रूप में हमला करने लगा है, जिस कारण लोगों को अधिक दिक्कत हो रही है। सोमवार को हैलट अस्पताल की इमरजेंसी में आधा दर्जन मरीज दिमागी बुखार के भर्ती किए गए है, जिनको सिर दर्द व चक्कर आने की समस्या रही।

हैलट अस्पताल की ओपीडी में सोमवार को सुबह लेकर दोपहर तक मरीजों की काफी भीड़ रही। मेडिसिन विभाग में डॉ.जेएस कुशवाहा की ओपीडी में 250 से अधिक मरीज इलाज कराने पहुंचे। डॉ.आरके वर्मा ने 150 से अधिक मरीज देखे। जबकि डॉ.विशाल गुप्ता ने 50 से भी कम मरीजों को देखा। मेडिसिन विभाग की ओपीडी में अधिकांश मरीज खांसी, जुकाम, बुखार, सिर में दर्द, चक्कर आना, उल्टी, दस्त, कमजोरी आदि रहे। डॉ. जेएस कुशवाहा ने बताया कि वायरस तेजी से लोगों पर हमला कर रहा है। वायरस ग्रस्त जो लोग इलाज में लापरवाही बरत रहे हैं, उन मरीजों में वायरस दिमागी बुखार के रूप में भी हमला कर रहा है। यह यह बैक्टिरियल इंफेक्शन और वायरल इंफेक्शन दोनों के कारण हो सकता है। दोनों में ही बुखार आने की समस्या होती है। सोमवार को इमरजेंसी में करीब छह मरीज दिमागी बुखार से भर्ती किए गए हैं। सप्ताह भर में करीब 60 मरीज वायरल बुखार से ग्रस्त भर्ती हो चुके है। वहीं, वायरल की वजह से पेट में भी समस्या हो रही है। ऐसे में तेज धूप व गर्मी से आकर तुरंत ठंडे पानी या ठंडी चीज खाने से बचे। एसी के रूम में बैठने के बाद एक दम से बाहर न निकलें।

### दिमागी बुखार के मुख्य लक्षण

- सिर दर्द, गर्दन में अकड़न, बुखार, ठंड लगना, उल्टी, रैशेज, लाइट से आंखों में तकलीफ होना, भूख न लगना, भ्रम होना, शरीर में दर्द आदि।

# 4 मई को 4 बजे 4 किलोमीटर का रोड शो करेंगे मोदी

400 पार की मुहिम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चौथे चरण के मतदान के लिये भाजपा ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। कानपुर नगर और अकबरपुर सीट पर भी कमल खिलाने के लिये भाजपा ने रणनीति तैयार की है। 4 मई को शाम 4 बजे पीएम नरेंद्र मोदी शहर आकर 4 किलोमीटर का रोड शो करेंगे। रोड शो का रूट अभी तय नहीं हुआ है। लेकिन, भाजपा सूत्रों के अनुसार पीएम मोदी दक्षिण क्षेत्र के दीप टॉकीज तिराहे से रोड शो की शुरुआत कर सकते हैं। क्षेत्र पदाधिकारियों ने सोमवार को कुल 4 रूटों का चयन कर प्रदेश कार्यालय रिपोर्ट भेज दी। अब केंद्र किसी एक रूट पर अपनी मुहर लगाएगा।

सोमवार को सीएसए में प्रशासन, पुलिस और भाजपा पदाधिकारियों के बीच बैठक में संभावित रूट को लेकर चर्चा की गई। इसके बाद भाजपा के प्रदेश महामंत्री कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी अनूप गुप्ता और क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने क्षेत्र कार्यालय में बैठक कर पीएम मोदी के रोड शो की जानकारी दी। इस दौरान प्रस्तावित रूट को प्रदेश नेतृत्व के माध्यम से प्रधानमंत्री कार्यालय भेजा गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से क्षेत्र ने रोड शो के रूटों को सार्वजनिक नहीं किया है। बैठक में विधायक महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी, नीलिमा कटियार, सलिल बिश्नोई, जिलाध्यक्ष दीपू पांडे, शिवराम सिंह, अनूप अवस्थी आदि रहे।

### एक तीर से दो निशाने साधने की तैयारी

- क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो से कानपुर नगर व अकबरपुर लोकसभा सीटों पर सीधा लाभ मिलेगा। रोड शो दोनों सीटों को किसी न किसी माध्यम से छुये इसका ध्यान रखकर तैयार किया गया। कानपुर नगर और अकबरपुर लोकसभा की जनता को ज्यादा से ज्यादा पीएम के करीब लाया जा सके इसकी योजना बनाई जा रही है। सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को इस व्यवस्था में लगाया जा रहा है। भाजपा उत्तर प्रदेश के मंत्री बसंत त्यागी कानपुर में रोड शो पूरा होने तक कैंप करेंगे। क्षेत्रीय प्रभारी सुनील तिवारी रोड शो कोऑर्डिनेट करेंगे। इससे पहले कानपुर की सड़कों पर स्वच्छता अभियान भाजपाई चलाएंगे।

- क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने रूट तय कर प्रदेश कार्यालय भेजा
- केंद्र लगाएगा मुहर



क्षेत्रीय कार्यालय में पदाधिकारियों ने बनाई रणनीति

### चार रूट प्रस्तावित हैं

- सूत्रों के अनुसार प्रदेश कार्यालय में पीएम मोदी के रोड शो के लिये चार रूट भेजे गये हैं। इनमें पहला रूट संतनगर चौराहा से 80 फीट रोड होते हुए गुमटी या ब्रह्मनगर चौराहा तक है। वहीं, दूसरा रूट घंटाघर चौराहा से मूलगंज चौराहा तक और तीसरा रूट, किदवई नगर सोटे वाले मंदिर से मंदाकिनी होटल तक या दीप तिराहे से फजलगंज तक तय किया गया है। वहीं, चौथा रूट हरजेंदर चौराहा से जगईपुरवा तक तय कर प्रदेश कार्यालय को भेजा गया है।

### योगी भी रोड शो में होंगे शामिल



भाजपा पदाधिकारियों के अनुसार रोड शो में सीएम योगी आदित्यनाथ समेत कई बड़े चेहरे भी शामिल हो सकते हैं। 10 साल में पहली बार पीएम मोदी कानपुर में रोड शो करेंगे। यह रोड शो करीब एक घंटे तक चलेगा। प्रधानमंत्री के रोडशो में भीड़ को ब्लॉकवार व्यवस्थित किया जाएगा। रोडशो में ज्यादा से ज्यादा भीड़ एकत्रित हो, इसके लिए पार्षदों को जिम्मेदारी सौंपी गई है

### सुरक्षा के रहेंगे कड़े बंदोबस्त

- रोडशो को लेकर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जाएंगे। सुरक्षा कारणों से ऐसे रूट को भी चिन्हित किया जा रहा है, जहां कम से कम हाईराइज बिल्डिंग हो। भाजपा सूत्रों के मुताबिक रोडशो के लिए ऐसे रूट को चिन्हित करने पर विचार किया जा रहा है, जहां बेतहाशा भीड़ न उमड़ पाए।

### अनुसूचित मोर्चे के सम्मेलन में आएंगे असीम अरुण

- कानपुर। कानपुर लोकसभा के अंतर्गत भाजपा बूथ, महिला, पिछड़ा वर्ग का सम्मेलन कर चुकी है। मंगलवार को पार्टी अनुसूचित मोर्चे का सम्मेलन करने जा रही है। यह सम्मेलन अंध मूक विद्यालय नेहरू नगर में शाम चार बजे होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग असीम अरुण आयेंगे। कानपुर उत्तर एवं लोकसभा मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई ने बताया कि इसके बाद एक मई को प्रदेश के उपाध्यक्ष विधायक कानपुर महानगर के प्रभारी पंकज सिंह सुबह 11:30 बजे मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, समन्वय व वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की बैठक करेंगे।

# कानपुर से 11 और अकबरपुर सीट से 9 प्रत्याशी मैदान में

## अकबरपुर से निर्दलीय प्रत्याशी प्रेमशीला ने अपना नाम वापस लिया

लोकसभा चुनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नाम वापसी के बाद कानपुर व अकबरपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशियों के नाम फाइनल हो गए हैं। लोकसभा चुनाव में कानपुर लोकसभा सीट से 11 तो अकबरपुर लोकसभा सीट से 9 उम्मीदवार हैं। सोमवार को अकबरपुर लोकसभा सीट से एक निर्दलीय प्रत्याशी प्रेमशीला ने अपना नाम वापस ले लिया है। वे भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले की पत्नी हैं।

दोनों ही सीटों के चुनावों में एक रोचक तथ्य सामने आया है। इनमें दोनो सीटों में एक नाम से दो प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। कानपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा के साथ ही एक निर्दलीय प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने भी अपना नामांकन कराया है। इसी तरह अकबरपुर लोकसभा सीट से सपा के प्रत्याशी राजाराम पाल से मिलते-जुलते नाम के निर्दलीय प्रत्याशी राजाराम ने भी अपनी उम्मीदवारी ठोंकी है। अब उम्मीदवारों के साथ निर्वाचन विभाग बैठक करेगा और उन्हें आयोग की गाइड लाइन के बारे में बताएगा।

### कानपुर लोकसभा से प्रत्याशी

भाजपा से रमेश अवस्थी, इंडिया गठबंधन से आलोक मिश्रा, बीएसपी से कुलदीप भदौरिया, सभी जन पार्टी से अशोक पासवान, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक से प्रशस्त धीर, सोशलिस्ट युनिटी सेंटर ऑफ इंडिया से वालेंद्र कटियार, प्राउटिस्ट ब्लॉक इंडिया से संजय सिंह, निर्दलीय प्रत्याशियों में अजय सिंह, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, आलोक मिश्रा, मनोज कमार।

### अकबरपुर लोकसभा से प्रत्याशी

- भाजपा से देवेंद्र सिंह भोले, इंडिया गठबंधन से राजाराम पाल, बीएसपी से राजेश कुमार द्विवेदी, सभी जन पार्टी से अशोक पासवान, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से चंदेश सिंह, राष्ट्रीय जन उत्थान पार्टी से राम गोपाल, राष्ट्रीय संस्कृति पार्टी से विपिन कुमार, निर्दलीय प्रत्याशियों में योगेश जायसवाल व राजाराम।

### सोशल मीडिया पर रखी जा रही निगाह

**कानपुर।** प्रत्याशी या उनके समर्थक सोशल मीडिया पर किसी तरह की भड़काऊ पोस्ट न डालें इसके लिए सोशल मीडिया अकाउंट पर नजर रखी जा रही है। फेसबुक और एक्स के साथ ही व्हाट्सएप ग्रुपों में जो भी पोस्ट डाली जा रही हैं उनके बारे में पुलिस और निर्वाचन विभाग की टीम पता कर रही है। सोशल मीडिया पर होने वाले प्रचार के खर्च के बारे में भी पता लगाया जा रहा है। प्रत्याशियों से कहा गया है कि वे सोशल मीडिया पर प्रचार के लिए कितना रुपया खर्च किया इसका भी हिसाब देंगे। अन्यथा कहीं भी प्रचार मिलेगा तो आयोग की टीम अपने हिसाब से उसका खर्च जोड़ लेगी।



क्षेत्रीय कार्यालय में भाजपा में शामिल कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय अध्यक्ष को फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया। अमृत विचार

# पूर्व प्रदेश महासचिव समेत दर्जनों सपाई हुए भाजपाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- क्षेत्रीय कार्यालय में लोहिया वाहिनी के तमाम कार्यकर्ता भी हुए भाजपा में शामिल

**अमृत विचार।** सोमवार को कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय कार्यालय में दर्जनों की संख्या में सपा पदाधिकारी भाजपा में शामिल हो गए। क्षेत्रीय कार्यालय में सपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिन्होंने वर्षों तक श्री राम को टेंट में रखा है, उनको भी पार्लियामेंट नहीं जाने देंगे। उन्होंने नारे भी लगाए।

सपा छात्र सभा के पूर्व प्रदेश महासचिव नरेंद्र सिंह (पूती चंदेल), सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश सचिव प्रभुदिन यादव, समाजवादी पार्टी गोविंद नगर के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पिंटू सिंह चंदेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अनिल तिवारी, सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर शुक्ल, समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के नगर सचिव जैकी वर्मा, सपा के नगर सचिव अनूप कुमार शुक्ला समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय मुख्यालय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, विधायक महेश त्रिवेदी, पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया समेत अन्य नेताओं ने सपा के कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी का पटका पहना कर सदस्यता ग्रहण कराई। जॉइनिंग कमेटी के सदस्य अनूप अवस्थी, संदीप ठाकुर, अशोक मिश्रा रहे।

# मतदान दिवस पर छुट्टी, करें मत का इस्तेमाल

**कानपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के संबंध में लखनऊ विकास भवन के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह को एक पत्र जारी किया। कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए मतदान दिवस 13 मई दिन सोमवार निर्धारित किया गया है। मतदान दिवस पर किसी भी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक प्रतिष्ठान और ऐसे अन्य प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मचारियों से काम नहीं लिया जाएगा। ताकि वह अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सके। मतदान दिवस पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 135 ख के अंतर्गत अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। वहीं, उनसे अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन कार्य नहीं लेने के लिया जाएगा। ऐसे जिले में स्थित सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, व्यापार व औद्योगिक प्रतिष्ठान के स्वामियों से अपेक्षा की जाती है कि वह लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित करने और अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य नहीं लेने से संबंधित शासनादेश का अनुपालन करना सुनिश्चित करे।



जनसंपर्क करते सांसद देवेंद्र सिंह भोले।

### कार्यकर्ता ही भाजपा संगठन की जड़- भोले

**कानपुर।** कल्याणपुर आवास विकास तीन में कार्यकर्ताओं, समाज सेवियों की बैठक में प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि परिवार समाज में रहते हुए जो संगठन के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करता है वो वास्तव में भाजपा रूपी वट वृक्ष की मूल जड़ है। भाजपा अबकी बार चार सौ पार जा रही है। यहां बैठक में प्रमुख रूप से लोकसभा महिला प्रभारी प्रीति तिवारी, उमेश निगम, विनय कटिहार, अमित मिश्रा, धीरेंद्र सिंह यादव, सूरज शुक्ला, जनक सिंह चौहान रहे। वहीं, सहकारिता विभाग से जुड़े भाजपा कार्यकर्ताओं कि बैठक अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के केंद्रीय कार्यालय पर हुई। राज्य सरकारी ग्राम विकास बैंक के निदेशक रामशरण कटियार ने कहा सहकारिता विभाग जन-जन से जुड़ा विभाग है। अकबरपुर लोकसभा जीत का जो पांच लाख पार का लक्ष्य है उस लक्ष्य को प्राप्त करने में सहकारिता विभाग से जुड़े कार्यकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रत्याशी भोले ने कहा आप लोगों के अविस्मरणीय योगदान से ही संगठन निरंतर प्रगति पथ पर है। भोले ने बैठक में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की बात कही।



मतदाताओं को संबोधित करते कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा।

### संविधान को इस बार सबसे ज्यादा खतरा : आलोक

**कानपुर।** इंडिया गठबंधन से कानपुर नगर लोकसभा सीट से सांसद प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने सोमवार सुबह केंद्रीय कार्यालय में ईसाई समाज के लोगों साथ बैठक की। उन्होंने ईसाइयों से चुनावी मुद्दों को लेकर चर्चा की। कांग्रेस, सपा और आप सरकार में हुए विकास कार्यों गिनाकर वोट की अपील की। बाबूपुरवा, जूही लॉल कॉलोनी, फूलबाग, रविदासपुरम गुजैनी, बसंत विहार, गोविंद नगर, बासमंडी समेत आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। कहा कि इस बार सबसे ज्यादा खतरा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान को है। पेपर लीक होने से 60 लाख बच्चों का भविष्य बर्बाद हो गया। रोजगार ना देकर भाजपा सरकार ने नौजवानों का एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया है। इस दौरान सैमुअल लकी सिंह, बंटी सिंह, बब्बू मिश्रा, सुशील कुमार मिश्रा, अमीन बाबा, सरवर खां, अब्दुल माबूद अध्यक्ष, शैल बाजपेई, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष चन्द्र गुप्ता, प्रकाश हजारिया, बाबूराम, राजकुमार, मुकेश बाल्मीकि, सतीश बाल्मीकि, बाबूराम, कांग्रेस शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, विनय तिवारी, रवि शंकर मिश्रा, अनुज कुशवाहा समेत आदि लोग रहे।

# 6 मई से बंद हो जाएंगे सभी मांगलिक कार्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- 28 जून को शुक्र के उदय होने पर शुरू होंगे शुभ कार्य

**अमृत विचार।** 6 मई से गुरु ग्रह अस्त होने जा रहे हैं। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि गुरु ग्रह के अस्त होने से सभी तरह के मांगलिक कार्य बंद हो जाएंगे। गुरु 3 जून को सुबह 7:01 बजे उदय होंगे। ग्रुरु ग्रह के उदय होने और शुक्र के भी 28 को उदय होने पर मांगलिक कार्य दोबारा शुरू हो सकेंगे।

ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि ज्योतिष में गुरु ग्रह ज्ञान, बुद्धि, आध्यात्मिकता विकास, विस्तार, सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। गुरु ग्रह धार्मिक आस्था, आत्मज्ञान, धार्मिक गतिविधियों एवं धार्मिक कर्मकांड से भी संबंधित ग्रह हैं। गुरु ग्रह 12 महीने में एक बार राशि बदलते हैं। लगभग 12 मास बाद एक बार फिर से 1 मई 2024 को दोपहर 12:59 बजे बुधवार को शुक्र की वृष राशि में गुरु गोचर करने जा रहे हैं। नौ ग्रह में गुरु ग्रह सबसे शुभ ग्रह माने जाते हैं वृषभ राशि में प्रवेश के तुरंत बाद गुरु 6 मई को रात 11:02 पर अस्त हो रहे हैं। इसके बाद 3 जून को सुबह 7:01 पर उदय होंगे। इनके अस्त होने से मांगलिक कार्य बंद हो जाते हैं।

वह उदय होने से शुभ कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। वर्तमान समय मे शुक्र ग्रह अस्त चल रहे हैं इसलिए मांगलिक कार्यों पर पहले से विराम लगा हुआ है। 28 जून को शुक्र उदय के बाद मांगलिक कार्य प्रारंभ होंगे। देवगुरु बृहस्पति वृषभ राशि में 1 मई 2024 से लेकर 14 मई 2025 पर्यंत रहेंगे। उसके बाद बुध की मिथुन राशि में प्रवेश कर जाएंगे।

# वीडीओ को किया निलंबित

**कानपुर देहात।** रैपालपुर गौशाला के निरीक्षण में खामियां व वित्तीय अनियमितता पर सीडीओ के निर्देश पर ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया गया। वहीं पशु चिकित्साधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि व बीडीओ व प्रधान को नोटिस जारी करने के निर्देश के साथ ही केयरटेकर को हटा दिया गया। सोमवार को सीडीओ लक्ष्मीं एन ने मैथा विकासखंड की ग्राम पंचायत रैपालपुर स्थित गौशाला में पाया कि भूसा गुणवत्ता पूर्वक नहीं दिया जा रहा है। खाते में धनराशि जमा न करके नकद दी जा रही है। ग्राम विकास अधिकारी ने पिछले दस दिन से गौशाला का भ्रमण भी नहीं किया गया था। गोवंशों को हरा चारा नहीं दिया जा रहा था। सीडीओ ने ग्राम विकास अधिकारी आकाश कुमार को निलंबित करने के निर्देश दिए। जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

# अभिनेता अजय त्रिपाठी सम्मानित किए गए

**कानपुर।** गोविंद नगर स्थित दीप होटल में पीएफसी फिल्मस ने एमीनेंट अवार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमे बॉलीवुड के नामचीन एक्टर मुश्ताक खान ने अभिनेता अजय त्रिपाठी को एमीनेंट एवार्ड देकर सम्मानित किया। अजय त्रिपाठी ने बताया कि मुश्ताक खान उनके अजीज व पुराने मित्र हैं, जो मुंबई में संघर्ष के दिनों में साथ रहते थे। सरकारी नौकरी लगने पर वह कानपुर आ गए थे। लेकिन मुश्ताक खान मुंबई में डटे रहे और उन्होंने बॉलीबुड में अपनी एक अलग पहचाई बनाई। वह एक बेहतरीन अभिनेता होने के साथ ही बहुत से अच्छे इंसान भी है। इस दौरान पीएफसी फिल्मस के प्रोड्यूसर और निर्देशक प्रमोद गुप्ता, नीरज कुमार, रजत श्री फाउन्डेशन के अरविन्द सिंह, प्रभा मिश्रा, श्रृद्धा गुप्ता, बबली गुप्ता, अनुज तिवारी, विनीत सिन्हा और आदिन्या निगम आदि लोग मौजूद रहे।



सम्मान प्राप्त करते अजय त्रिपाठी।

# सड़क की मरम्मत के लिए एनएचएआई को लिखा पत्र

अमृत विचार प्रभाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रमईपुर से सचेंडी होते हुए भाऊपुर जाने वाली सड़क जगह- जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। इसकी बड़ी वजह है रिंग रोड के निर्माण के लिए सामग्री ढो रहे ओवरलोड वाहन। डंपरों पर ओवरलोड गिट्टी, मिट्टी की ढुलाई की जा रही है। इसकी वजह से न सिर्फ यह मार्ग टूट रहा है बल्कि आसपास की कई और सड़कें टूट गई हैं। अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद अब लोक निर्माण विभाग ने तय किया है कि एनएचएआई से ही इन सड़कों की मरम्मत का कार्य कराया जाएगा।

51.90 करोड़ की लागत 23.45 किमी बनाई गई है। इसके बन जाने से रमईपुर से भाऊपुर तक आवागमन आसान हो गया है। इसका निर्माण इसलिए भी किया गया था ताकि रमईपुर में जब मेगा लेदर क्लस्टर स्थापित होगा तो यहां के उद्यमियों को माल की ढुलाई में दिक्कत नहीं आएगी। भविष्य में यह मार्ग फोर लेन भी किया जाएगा। इस मार्ग के जरिए कानपुर- हमीरपुर- सागर हाईवे को रमईपुर से कानपुर-इटावा और कानपुर-झांसी हाईवे से जोड़ा गया है। यह मार्ग रमईपुर से कैंधा, सचेंडी, धरमंगदपुर, भाऊपुर होते हुए रंजीतपुर तक बनाया गया है। जनवरी में ही इस पर यातायात शुरू हुआ था कि अब यह जगह- जगह टूट गया है। टूटने की बड़ी वजह एनएचएआई द्वारा रिंग रोड के निर्माण के लिए चयनित कंपनी के ओवरलोड डंपर हैं। निर्माण में मिट्टी व गिट्टी का हमीरपुर, महोबा, घाटमपुर क्षेत्र से लाई जा रही हैं। ओवरलोडिंग रोकने का कोई उपाय नहीं हो रहा है। अब पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता राकेश यादव का कहना है कि उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों को पत्र लिखा है।

जनसमस्या | झकरकटी, टाटमिल, गोविंदपुरी, अफीमकोठी, हैलट के पास लगा जाम

# कड़ी धूप में जाम में फंसकर बिलबिलाए लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सोमवार को कड़ी धूप में कई स्थानों पर आपाधापी के कारण भीषण जाम लग गया। जाम में फंसकर लोग बिलबिलाकर कर तड़प उठे। जाम में फंसकर सबसे ज्यादा दिक्कत मरीजों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गो को हुई।

स्कूली बच्चे उमस भरी गर्मी में बिलबिलाते रहे। सबसे ज्यादा दिक्कत रावतपुर से मालरोड तक नो टेंपो जोन में आई। सोमवार सुबह 10 बजे ही झकरकटी पुल, टाटमिल चौराहा, जूही नहरिया मार्ग, गोविंदपुरी पुल, अफीमकोठी मार्ग पर वाहन उलझ गए। वहीं हैलट पुल पर आगे निकलने की होड़ में लोग वाहनों के आगे खड़े हो गए। इस दौरान दो कारों ने पुल से दाहिने टर्न किया जिससे पीछे और आगे करने में देखते ही देखते पूरे पुल पर जाम लग गया। वहीं छुट्टी के समय स्कूली बसों और ई रिक्शों के कारण फजलगंज, मरियमपुर चौराहा, दादा नगर पुल समेत कई चौराहे जाम में फंसे। ऐसे ही शाम सात बजे घंटाघर, एक्सप्रेस रोड, सीपीसी रेलवे गोदाम के बाहर, डिप्टी पड़ाव चौराहा, जरीबचौकी में भी जाम लगा।



मेडिकल कॉलेज के पास लगा जाम। अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# थ्रेशर में फंसकर मजदूर के उड़े चीथड़े

## घाटमपुर क्षेत्र के मीरानपुर गांव में हुआ दर्दनाक हादसा, थ्रेसर खोलने के बाद निकाला गया शव

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** खेत पर गेहूं की कतराई के दौरान मजदूर थ्रेशर में घुस गया, जिससे उसके चीथड़े उड़ गए। थ्रेशर खोलने के बाद शव को निकाला जा सका। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से मजदूर के शव को निकालने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के मीरानपुर गांव निवासी नरेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने गांव के ही रहने वाले शिवसिंह को अपने खेत बटाई पर दे रखा था। शिवसिंह ने अपने भाई मानसिंह को गेहूं की कतराई का ठेका दिया था। रविवार की रात मानसिंह मजदूरों के साथ ट्रैक्टर और थ्रेशर मशीन लेकर खेत पहुंचा। खेत पर ही गेहूं की कतराई का काम चल रहा था। कतराई के दौरान घाटमपुर थाना क्षेत्र के नागेलिनपुर गांव निवासी मजदूर हरीबाबू थ्रेसर में गेहूं का गट्ठा लगा रहा था। इसी दौरान वह गट्ठे में फंसकर थ्रेसर के अंदर चला गया, जिससे उसके चीथड़े उड़ गए। मजदूर की थ्रेशर के अंदर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद वहां मौजूद सभी लोग मौके से निकल गए। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने घटना की सूचना फोन पर पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने थ्रेसर को खोलवाकर मजदूर के शव को बाहर निकाला। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि मजदूर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिवार वालों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।


हरीबाबू।


इसी थ्रेशर में कटा मजदूर।


मजदूर की मौत के बाद बिलखती रहीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

### हादसे के बाद भाग निकले साथी मजदूर

थ्रेशर में फंसकर मजदूर की मौत होने के बाद गेहूं कतराई का काम कर रहे साथी मजदूर मौके से भाग निकले। ट्रैक्टर मालिक मानसिंह ने ग्रामीणों और परिजनों को घटना की सूचना दी। ट्रैक्टर मालिक मानसिंह ने बताया कि रात में थ्रेसर चलते-चलते अचानक बंद हो गया था। जब उन्होंने थ्रेसर के पास जाकर देखा तो उनके होश उड़ गए। थ्रेसर में मजदूर फंसा हुआ था। हरीबाबू की मौत हो चुकी थी।

### चार बेटियों के सिर से छिन गया साया

घटना में मजदूर हरीबाबू की मौत के बाद पत्नी श्यामकली के साथ चारों बेटियों अस्मिता, सुष्मिता, अर्पिता और हर्षिता का रो-रोकर बुरा हाल है। हरीबाबू की मौत के बाद अब पत्नी श्यामकली पर चारों बेटियों की जिम्मेदारी आन पड़ी है। नाते-रिश्तेदार उन्हें ढांढस बंधाने का प्रयास करते रहे। बेटियों का कहना है कि अब उनकी परवरिश कौन करेगा। कुछ लोगों ने मुआवजे की मांग उठाई है।

# सिलेंडर फटा, मां और बेटा झुलसे

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** कस्बे के जवाहर नगर उत्तरी मोहल्ले में घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर लीक हो गया और आग लग गई। महिला ने शोर मचाया तो उसका बेटा दौड़ा और सिलेंडर को उठाकर बाहर फेंका, जिससे सिलेंडर फट गया। सिलेंडर फटने से मां-बेटा झुलस गए। उन्हें सीएचसी ले जाया गया, जहां से उन्हें कानपुर के उर्सला अस्पताल रेफर किया गया है।

कस्बे के जवाहर नगर उत्तरी के रहने वाले भोला प्रसाद की पत्नी रजनी (45) सोमवार को रसोईघर में खाना बना रही थीं। उसी समय सिलेंडर अचानक लीक हो गया और उसमें आग लग गई। आग लगते ही रजनी ने जोर से शोर मचाया। आवाज सुनकर घर में मौजूद उनका बेटा पुष्पेंद्र दौड़कर पहुंचा और जलते हुए सिलेंडर को उठाकर बाहर फेंक दिया, जिससे सिलेंडर फट गया।

सिलेंडर फटने के दौरान उसकी चपेट में आने से मां-बेटा गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर के उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया। उर्सला अस्पताल में दोनों को भर्ती कर लिया गया है, जहां इलाज चल रहा है।


आग से झुलसा पुष्पेंद्र। अमृत विचार


झुलसी रजनी। अमृत विचार


एंबुलेंस से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। अमृत विचार

- कस्बे के जवाहर नगर उत्तरी मोहल्ले में हुआ हादसा
- दोनों घायलों को उर्सला अस्पताल रेफर किया

## एक नजर

### सड़क हादसे में एक की मौत

**बिठूर।** थाना क्षेत्र के नारामऊ स्थित मॉडल डेयरी के निकट अजीत नगर एटा से शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से लौट रहे दो लोगों को तेज रफ्तार वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार अमित पुत्र गिरेंद्र और गिरेंद्र पुत्र बहादुर राम निवासी नानकारी कल्याणपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान अमित की मौत हो गई।

### मंदिर पर दबंगों का कब्जा एसडीएम से शिकायत

**बिल्हौर।** डोरवा जमौली के मजरे मकरंद निवादा के ग्रामीणों ने थानाप्रभारी व एसडीएम को शिकायती पत्र देकर गांव के मंदिर में कब्जे की शिकायत की है। ग्रामीणों ने बताया कि शिव मंदिर में गांव के दो लोगों ने कब्जा कर रखा है, जिससे समस्या होती है। एसडीएम रश्मि लांबा ने ग्रामीणों की समस्या सुनकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# कुआंखेड़ा पुलिस चौकी में शव छोड़कर चले गए परिवार वाले

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** सजेती थाना क्षेत्र के चंदापुर गांव में बर्फ फैक्ट्री में काम करने वाले एक युवक का कटहल के पेड़ में फंदे पर शव लटका मिला। परिजनों ने हत्या कर शव पेड़ लटकाए जाने की आशंका जाहिर की। परिवार वाले कुआंखेड़ा पुलिस चौकी में शव छोड़कर घर चले गए। बाद में पुलिस ने उन्हें पोस्टमार्टम कराने और रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का भरोसा दिया, तब वे माने।

सजेती थाना क्षेत्र के कुआंखेड़ा पुलिस चौकी के चंदापुर के मजरे बिलगवां निवासी नरेंद्र उर्फ नारायण पुत्र राम अवतार का चंदापुर गांव के प्रभात सचान के बगीचे में कटहल के पेड़ पर शव लटका मिला। शर्ट और गमछा को जोड़कर फंदा बनाया गया था। बताया गया कि नारायण चंदापुर गांव के प्रभात सचान की ही बर्फ फैक्ट्री में काम करता था।

बाग में शव लटका मिलने की सूचना पर परिवार वाले पहुंचे। परिवार वाले पहले तो शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार हो गए, लेकिन कुछ नातेदारों के पहुंचने पर मामले में नया मोड़ आ गया।

परिवार वाले हत्या कर शव को पेड़ पर लटकाए जाने की बात कहने लगे। परिवार के लोग शव को कुआंखेड़ा पुलिस चौकी में छोड़कर घर चले गए। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जाने दीजिए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। तब जाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थानाध्यक्ष बृजमोहन सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### हत्या का आरोप

- बर्फ फैक्ट्री के श्रमिक का फंदे पर लटका मिला शव
- परिवार वालों ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया
- पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दिया कार्रवाई का भरोसा

# घाटमपुर में 90 बीघा गेहूं की फसल जली

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के जुरैया गांव में ईंट भट्ठे से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। आग से 80 बीघा गेहूं की खड़ी फसल व पराली जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची दमकल गाड़ियों ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं कैथा गांव में भी आग से 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। दमकल ने आग पर काबू पाया।

घाटमपुर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत जुरैया में ईंट भट्ठा से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। आग पर जब तक काबू पाया गया, तब तक 80 बीघा गेहूं की फसल व पराली जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक किसानों की 80 बीघा के लगभग फसल जलकर खाक हो गई।

आग से किसान शिवकुमार तिवारी की आठ बीघा, अतुल तिवारी सात बीघा, राजू की तीन बीघा, नूतन पांडे 12 बीघा, छेद्दू मिश्रा की 20 बीघा सहित दूसरे किसानों की मिलाकर करीब 80 बीघा गेहूं की फसल जली है। मौके पर पहुंचे तहसीलदार लक्ष्मीकान्त बाजपेई व लेखपालों की टीम ने नुकसान का आकलन किया।

वहीं कैथा गांव में सोमवार दोपहर में आग लग जाने से किसानों की 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। सूचना पर पहुंची दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग पर जब तक काबू पाया गया, तब तक 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई।


गेहूं की फसल में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते किसान और दमकलकर्मी। अमृत विचार

- जुरैया गांव में ईंट भट्ठे की चिंगारी से भड़की आग
- कैथा गांव में आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं

# ई-रिक्शा बेकाबू होकर पलटा, छह लोग घायल

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** किसान नगर रोड पर जामूं नहर पुल के समीप सोमवार की दोपहर तेज रफ्तार बाइक अचानक सामने आ जाने से ई-रिक्शा बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में दो महिलाओं व चालक सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को प्राइवेट क्लीनिक में भर्ती कराया गया है।

कानपुर देहात जिले के उसरी गांव निवासी धर्मेन्द्र पत्नी आदित्य लक्ष्मी को लेकर सोमवार को बिधनू आए थे। शाम को लौटते समय ई रिक्शा से गांव वापस जा रहे थे। जमरेही निवासी राजेश ई-रिक्शा चला रहा था। जब किसान नगर रोड पर जामूं नहर पुल के पास पहुंचे, तभी बाएं तरफ के सम्पर्क मार्ग से अचानक एक तेज रफ्तार बाइक सवार ई-रिक्शा के सामने आ गया, जिसे बचाने के प्रयास में ई-रिक्शा असन्तुलित होकर सड़क पर पलट गया। ई-रिक्शा पलटने से उस पर सवार धर्मेन्द्र (35), लक्ष्मी (32), रोहित पाल (34), रेखा पाल (31) और रोहित (25) घायल हो गए। रिक्शा पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। बाइक चालक मौके से भाग निकला। हादसे के बाद मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने सभी घायलों को गल्ला मंडी स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उन्हें भर्ती कर लिया गया है।

# शिवराजपुर क्षेत्र में चोरियों का खुलासा नहीं

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार:** पिछले छह महीने से कस्बा एवं थाना क्षेत्र के गांवों में दर्जनों चोरी की घटनाएं हुईं, लेकिन पुलिस की ओर से किसी भी घटना का खुलासा नहीं किया जा सका। आए दिन घटनाएं होने से जनता में खासा रोष है। शनिवार देर रात कृष्णा मोटर्स और ट्रैक्टर शोरूम, कोल्ड ड्रिंक की दुकान में चोरी हो गई। पुलिस ने तीन अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, पर पुलिस किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर पा रही है। जिन घटनाओं में पुलिस ने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है, उनका अभी तक कोई खुलासा नहीं हो सका है। दो महीने पहले काकूपुर रब्बन गांव में बालकृष्ण एवं गोपाल कृष्ण मिश्रा (दोनों भाइयों) के यहां लाखों रुपये की चोरी हुई थी, जिसमें चोर छत के रास्ते जिंगल को काटकर घर में दाखिल हुए थे और लाखों का जेवर व नकदी ले गए थे। पुलिस ने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन दो महीने बाद भी घटना का खुलासा नहीं हो सका है।

वहीं दिनकरपुर गांव में 10 अप्रैल को राजू के घर में एक कार्यक्रम के दौरान चोर घर से कई लाख का जेवरात ले गए थे। दोदेपुर गांव के पास एक फार्म हाउस से सोलर पैनल व बैटरी चोरी हुए थे, जिसमें चौकीदार रामबाबू ने थाने में शिकायत की थी। गौरी अभयपुर गांव के प्राचीन मंदिर से पीतल के घंटे चोरी हुए थे, लेकिन तहरीर के बाद भी पुलिस ने कोई मुकदमा नहीं दर्ज किया। बल्कि पीड़ित को जांच का भरोसा देकर वापस लौटा दिया था।

इसी तरह दरिया निवादा गांव में बकरा चोरी की घटना में चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए थे किंतु मुकदमा नहीं लिखा गया। वहीं जगदीशपुर गांव में विधायक निधि द्वारा लगाई गई रोड लाइट पहले दिन ही रातों-रात उखाड़ कर खंबे सहित चोरी हो गई थी। थाने से 50 मीटर की दूरी पर गिरिराज ज्वैलर्स और किराने की दुकान में चोरी हुई थी। शनिवार की रात कृष्णा मोटर्स एवं पाण्डेय ट्रैक्टर वर्कशॉप और पाठक जनरल स्टोर में लाखों रुपये की चोरी हुई। पुलिस ने शोरूम मालिक की तहरीर पर अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज कर लिया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच भी करने लगी, लेकिन घटनाओं का खुलासा नहीं हो सका।

### बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान में सेंध लगाकर चोरी

**बिधनू।** ओरियारा चौराहे के पास रविवार की रात चोरों ने दुकान की दीवार में सेंध लगाकर नकदी के साथ कीमती सामान पार कर दिया। दबौली के प्रीतम आहूजा की ओरियारा चौराहे पर बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान है। रविवार रात चोर दुकान की दीवार में सेंध लगाकर घुसे और लॉकर तोड़कर 35 हजार की नकदी, 15 किलो लोहे की रिंग, सरिया और सीसीटीवी के डीवीआर समेत एक लाख का माल समेट ले गए। प्रीतम ने बताया कि 22 फरवरी की रात भी दुकान से एक क्विंटल सरिया चोरी हुई थी। दुकान के सीसीटीवी कैमरे में दो युवक कैद हुए थे। स्थानीय लोगों ने ओरियारा निवासी रौनक और विनय के रूप में पहचान की थी। दोनों के खिलाफ तहरीर दी है। थाना प्रभारी प्रेमचन्द्र कनौजिया ने कहा कि जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप


पुरस्कारों के साथ मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**घाटमपुर।** सन्त वैरागी बाबा इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र- छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रबंधक पूनम पांडेय ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मेडल देकर पुरस्कृत किया। यूपी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में हिमांशु, आदर्श, पूजा, कशिश, अभिलाषा, निखिल, रिषभ, सोनम, वैभव, विकास कुमार, शालू, रुखसार, शुभम, कस्तूरी आदि को विद्यालय की प्रबंधक पूनम पांडेय और प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी ने मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आशा तिवारी सहित समस्त शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

## प्रदेश

### नीदरलैंड की राजदूत मारिया को मनमोहक लगी अयोध्या


घाट पर सेल्फी लेतीं युवतियां।

**अयोध्या:** भारत में नीदरलैंड की राजदूत मारिया लूसिया ग्रेनार्ड ने सोमवार को अयोध्या पहुंचकर रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। सरयू के तट पर घूमते हुए कुछ महिलाओं के साथ सेल्फी भी ली। लखनऊ से सड़क मार्ग से नीदरलैंड की राजदूत अयोध्या पहुंचीं। सबसे पहले राममंदिर में माथा टेका। राममंदिर ट्रस्ट की ओर से राजदूत का अभिनंदन किया गया। राजदूत ने मंदिर निर्माण की भव्यता को सराहा। उन्होंने सरयू तट का भी भ्रमण किया। राम की पैड़ी परिसर को भी निहारा।

# स्मृति ने भरा पर्चा, रोड शो कर दिखाई ताकत

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने सोमवार को भारी भीड़ व लाव लश्कर के साथ अमेठी में तीसरी बार नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पूर्व अपने मेदन मवई आवास पर हवन पूजन करने के पश्चात स्मृति जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पहुंची। जहां से उनका काफिला नामांकन के लिए रवाना हुआ। लगभग डेढ़ घंटे के रोड शो के बाद कलेक्ट्रेट पहुंची स्मृति ने दो सेटों में जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत को अपना नामांकन पत्र सौंपा। राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी मनीषी प्रस्तावक के रूप में मौजूद रहे।

इरानी के नामांकन में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी पहुंचे। उनके पहुंचते ही रोड शो के लिए तैयार रथ पर स्मृति ने मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश मोहन यादव, प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री व तिलोई विधायक राजा मयंकेश्वर शरण, सदस्य विधान परिषद गोविन्द नारायण शुक्ल व शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक सुरेश पासी व अशोक कोरी, पूर्व विधायक व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री जंगबहादुर सिंह, पूर्व विधायक तेजभान सिंह व चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी, जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्र के साथ सवार होकर भाजपा कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक 3 किमी तक लंबा रोड शो किया। नामांकन जूलूस में लगभग दस हजार लोगों के शामिल होने का अनुमान है। इस अवसर पर उनके पति जूबिन इरानी साथ रहे।


रोड-शो करतीं भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी। अमृत विचार

### पति-पत्नी दोनों करोड़पति

केंद्रीय मंत्री व अमेठी की प्रत्याशी स्मृति 3 करोड़ 8 लाख 94 हजार दो सौ छियानबे रुपये की चल सम्पत्ति व 1 करोड़ उनहत्तर लाख 80 हजार की अचल संपत्ति की धारक हैं। वहीं उनके पति जूबिन 3 करोड़ तीस लाख 17 हज़ार सात सौ नब्बे रुपये की चल सम्पत्ति व 2 करोड़ 3 लाख की अचल संपत्ति के स्वामी हैं। स्मृति ने एचडीएफसी से 16 लाख 55 हज़ार 8 सौ तीस रुपये वाहन लोन भी ले रखा है। स्मृति ने वर्ष 1994 में दिल्ली विश्वविद्यालय से बैचलर ऑफ कॉमर्स पास किया है।

### अपनी सांसद निधि भी नहीं खर्च कर सके थे राहुल

नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्मृति ने कहा कि राहुल गांधी 15 साल अमेठी से सांसद रहे लेकिन कोई काम नहीं किया। वे अपनी सांसद निधि तक नहीं खर्च कर सके। अमेठी का किसान यूरिया और डीएपी के लिए रात भर जागकर लाइन लगाता, लाठियां खाता था, मोदी की कृपा से मैंने गौरीगंज में फर्टिलाइजर रैक पॉइन्ट बनवाया। आज जिले में फर्टिलाइजर की कोई किल्लत नहीं होती। मानक तोड़कर योगी सरकार ने जिले को मेडिकल कालेज आदि दिया।

### नामांकन के दौरान भिड़े कांग्रेस व भाजपा कार्यकर्ता

स्मृति इरानी के रोड शो के दौरान गौरीगंज केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय के सामने भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट हुई। युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम सिंह सहित उनके साथियों की पिटाई की बात सामने आई है। पूरा मामला गौरीगंज केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय के सामने का है जहां सोमवार दोपहर स्मृति ईरानी का नामांकन के पहले 2 किलोमीटर रोड शो के दौरान काफिला गौरीगंज केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय के सामने पहुंचने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने विरोध करना शुरू कर दिया। जिससे काफिले में शामिल भाजपा कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और 50 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध कर रहे युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम सिंह सहित उनके साथियों की पिटाई शुरू कर दी। करीब आधे घंटे चले बवाल के बाद कड़ी मशक्कत से काफिले में मौजूद पुलिस कर्मियों ने भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अलग-थलग कर पूरे मामले को शांत किया। पिटाई से घायल युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शुभम सिंह व उनके साथियों का इलाज चल रहा है। मामले में अभी तक किसी की भी तरफ से तहरीर नहीं मिली है।

### प्रसार भारती के अध्यक्ष ने किया रामलला का दर्शन-पूजन


मंदिर परिसर में मौजूद नवनीत सहगल।

**अयोध्या :** अयोध्या दौरे पर आए प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने रामलला का दर्शन-पूजन किया। अफसरों के साथ रामलला की आरती के सजीव प्रसारण की समीक्षा की।

अध्यक्ष नवनीत सहगल महर्षि बाल्मीकि एयरपोर्ट से सर्किट हाउस पहुंचे। यहां प्रसार भारती के अधिकारियों के साथ बैठक की। अयोध्या में मौजूद पुजारियों सतेंद्र दास सहित अन्य पुजारी, श्री राम जन्म भूमि न्यास के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र, विहिप के संगठन मंत्री राजेन्द्र सिंह पंकज से सुझाव भी लिया कि कैसे इसका और बेहतर प्रसारण हो।

# राष्ट्रपति 1 मई को चार घंटे अयोध्या में रहेंगी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति के अयोध्या दौरे को लेकर तैयारी तेज है। सोमवार को अफसरों ने एयरपोर्ट परिसर में बैठक की। अपर मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए अफसरों से बातचीत की। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू एक मई को अयोध्या के दौरे पर रहेंगी। वह यहां लगभग चार घंटे बिताएंगी। रामलला का दर्शन करेंगी। हनुमान गढ़ी में माथा टेंकेंगी। सरयू आरती में शामिल होने की संभावना है। वह विशेष विमान से अयोध्या एयरपोर्ट पर शाम को लगभग चार बजे उतरेंगी। यहां राज्यपाल से लेकर दूसरे वीआईपी उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद वह अयोध्या धाम प्रस्थान करेंगी। दौरे में केवल एक दिन शेष है। हालांकि राष्ट्रपति का औपचारिक कार्यक्रम अभी नहीं आया है, लेकिन वीआईपी आगमन की औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

सोमवार को बैठक में विमान की लैंडिंग से लेकर स्वागत, वीआईपी मूवमेंट और अयोध्या पहुंचने तक को लेकर चर्चा की गई। शाम को अपर मुख्य सचिव गृह ने भी आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार, एसएसपी राजकरन नैयर सहित अन्य अफसरों के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग से बातचीत की। सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रपति के दौरे की संवेदनशीलता के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था सहित हर पहलू पर चर्चा की। हालांकि अफसर अभी तैयारी को लेकर चर्चा नहीं करते हैं।



- कल शाम चार बजे विशेष विमान से अयोध्या एयरपोर्ट पर होगा आगमन

# इलाज के दौरान एक और महिला ने तोड़ा दम

## बस-ट्रक हादसाः मृतकों की संख्या हुई नौ, उन्नाव-हरदोई मार्ग पर रविवार को हुई थी ट्रक व बस में टक्कर

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली अंतर्गत जमल्दीपुर गांव के सामने रविवार को हुए हृदय विदारक हादसे में दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। रविवार देररात हादसे में गंभीर घायल एक और महिला ने कानपुर के हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके साथ ही हादसे में अब तक मृतकों की संख्या नौ हो गई है। रविवार रात पोस्टमार्टम कराकर सात शव परिजनों के सौंप दिए गए।

बता दें कि उन्नाव शहर से 42 सवारियां लेकर 25 सीटर बस रविवार शाम करीब साढ़ 3 बजे हरदोई जा रही थी। उन्नाव-हरदोई मार्ग पर जमल्दीपुर गांव के पास सड़क के दोनों ओर गड्ढे होने से तेज रफ्तार बस का पहिया उसी में चला गया। तभी हरदोई की ओर आ रहे तेज रफ्तार पत्थर लदे ट्रक का पहिया भी गड्ढे में गया और वह अनयंत्रित होकर बस को दाएं हिस्से को रगड़ते हुए चला गया। घायलों को सफीपुर सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने दो महिलाओं समेत छह को मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद एक घायल की जिला अस्पताल व दूसरे की कानपुर के हैलट में मौत हो गई थी। जबकि, अन्य घायल भी कानपुर के हैलट रेफर किए गए थे। जहां देररात इमरजेंसी वार्ड में भर्ती 26 वर्षीय तरन्नू पत्नी मो. रफीक निवासी रावतपुर रौशन नगर कानपुर की भी मौत हो गयी। तरन्नू रविवार सुबह सफीपुर नगर के मोहल्ला हाता बाजार निवासी अपने पिता नूरहसन के यहां से बड़ी बहन मंतशा के साथ दो माह के बच्चे की दवा लेने उन्नाव आई थी। वहां से मायके लौटते समय हादसे का शिकार हो गई।



घायल रामकृष्ण की बेटी से बात करतीं सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन। अमृत विचार

### संवेदना प्रकट करने पहुंचे प्रत्याशी

**उन्नाव।** हादसे की सूचना पर राजनैतिक दलों के लोग भी अपनी संवेदनाएं प्रकट करने पहुंचे। बीजेपी से लोकसभा प्रत्याशी साक्षी महाराज व बीएसपी प्रत्याशी अशोक पांडेय देररात पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और दुखी परिजनों को सांत्वना दी। वहीं सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने सोमवार को जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। उन्होंने परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया।



शव पहुंचने पर रोते-बिलखते शैलेंद्र के परिजन। अमृत विचार

● बीते रविवार को बस-ट्रक की टक्कर में हुई थी आठ लोगों की मौत

### जो भी पहुंचा उसकी आंख हो गई नम

**सफीपुर।** डीएम के निर्देश पर सभी सात शवों का रविवार रात में पोस्टमार्टम हुआ था। इसके बाद परिजनों को शव सौंप दिये गए। इसमें शामिल सफीपुर कस्बा के मोहल्ला सैय्यदवाड़ा निवासी इम्तियाज़ खान (70) उर्फ लाडले का शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। पत्नी पति का शव देख बेहाल हो गई। वहीं, इसी हादसे में कस्बे के मोहल्ला मंगल बाजार की सुशीला पत्नी दीपक की भी मौत हुई थी। जब उसका शव घर पहुंचा तो परिजन बिलख उठे। सोमवार को उसका परियर घाट पर अंतिम संस्कार परियर किया गया।

## बस हादसे में मृतकों के शव घर पहुंचे, मचा कोहराम

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** बीते रविवार हुए हादसे में आठ लोगों की मौत और 22 लोग घायल हुए थे। जिनमें थानाक्षेत्र के दो लोगों की मौत हो गई थी। सोमवार को जब उनके शव घर पहुंचे तो कोहराम मच गया। परिजनों के अलावा ग्रामीणों में मातम पसरा था।

बता दें कि बीते रविवार हरदोई-उन्नाव हाईवे पर गांव जमालुद्दीनपुर के पास तेज रफ्तार ट्रक व निजी बस की टक्कर में बस सवार 30 लोग घायल हो गए थे।

इनमें आठ लोगों की मौत हो गई थी। जिसमे थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गांव लवानी निवासी शैलेंद्र अवस्थी (36) ओम अवस्थी की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को जब उसका शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। जो भी व्यक्ति वहां पर मौजूद था सभी की आंखे नम हो गईं।

उसका अंतिम संस्कार क्षेत्र के सरैंया घाट पर किया गया। वह अपने पीछे पत्नी व बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया। वहीं इसी बस में सवार लाल जी (47) स्व. पुत्तूलाल निवासी फतेहपुर चौरासी ग्रामीण मजरा दारापुर उन्नाव से घर आ रहा था। उसकी भतीजी की सीता की शादी थी। जिसमें शामिल होने को वह उन्नाव से बस में बैठा था। घर में शादी का माहौल मातम में बदल गया।

# सोशल मीडिया पर छाया रहा चुनावी आमंत्रण पत्र

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 का प्रिंटेड आमंत्रण पत्र भले नहीं दिख रहा है लेकिन, सोशल मीडिया पर यह खूब वायरल हो रहा है। जिसके निवेदक जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) व दर्शनाभिलाषी पीठासीन अधिकारियों सहित सभी मतदान दल दर्शाया गया है। वहीं स्वागतकर्ता बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) बताए गए हैं। यही नहीं बाल मनुहार में हमारे लोकसभा चुनाव में मतदान करने जरुर-जरुर आना भी लिखा गया है।

13 मई को जिले में लोकसभा चुनाव के चलते मतदान होना है। निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए अलग-अलग तरह से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में इस बार शादी-विवाह सहित अन्य संस्कारों की तरह आमंत्रण पत्र तैयार कराया गया है। हालांकि, इसमें जिला निर्वाचन अधिकारी सहित किसी का नाम नहीं है। जिससे यह नहीं कहा जा सकता कि यह जिला प्रशासन उन्नाव ने ही बनवाया है। लेकिन, मतदान तिथि मेल खाने से लोग एक-दूसरे के व्हाट्सअप पर इसे भेजकर जागरूकता बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। कहा गया है कि 'भेज रहे हैं स्नेह निमंत्रण मतदाता तुम्हें बुलाने को, 13 मई भूल न जाना वोट डालने को'। आगे है कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार लोकसभा चुनाव के मंगल उत्सव की पावन बेला पर मतदान करने हेतु आप निम्नांकित दिवस व समय पर सपरिवार सादर आमंत्रित हैं। मतदान दिवस 13 मई-2024 दिन सोमवार को प्रातः सात से सायं छह बजे तक अपने मतदान केंद्र पर आमंत्रित हैं। साथ ही निर्वाचन आयोग के अपने क्षेत्र के उम्मीदवारों की जानकारी प्राप्त करने के लिए केवाईसी एप व पोलिंग बूथ की जानकारी के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउन लोड करने की सलाह भी दी गई है। ईसीआई की वेबसाइट के माध्यम से दोनों एप डाउनलोड किया जा सकता है।




वायरल हो रहा चुनावी आमंत्रण पत्र।

# आग से आठ घरों की गृहस्थी राख

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● पत्नी से विवाद होने पर पति ने अपने घर में लगा दी थी आग

● प्रधान ने परिवार को भोजन उपलब्ध कराया

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के देवारा खुर्द गांव में दंपत्ति में हुये विवाद के बाद पति ने घर में आग लगा दी थी। जिससे गांव के आठ घर चपेट में आने से गृहस्थी का सामान, नकदी, सोना, चांदी से लेकर अन्य कीमती सामान जलकर खाक हो गया। आठ परिवारों ने खुले आसमान के नीचे रात काटी। वहीं प्रधान ने परिवार की मदद कर उन्हें भोजन उपलब्ध कराया।

देवारा खुर्द गांव में आग लगने से सबसे ज्यादा नुकसान शिवदेवी के घर में हुआ था। जहां दो दिन पहले उसकी बेटी की शादी थी। जिससे घर में रखे 25 कुंतल गेंहू, 8 कुंतन धान, 40 कुंतल भूसा, पांनी का इंजन, दो सिलेंडर, दो लाख बीस हजार की नकदी के अलावा अन्य सामान जलकर खाक हो गया था। इसी तरह बब्लू के घर का नकदी समेत लाखों का माल जलकर स्वाहा हो गया था। वहीं गांव के बाहर बंगला बनाकर रहने वाली सुंदरानी की भी गृहस्थी और दस हजार की नकदी जलकर स्वाहा हो गई थी। इसी तरह कुशहर, तेजनारायन, ठाकुर प्रसाद, उर्मिला और जगदीश की गृहस्थी भी आग से तबाह हो गई थी।

आठों परिवार ने रविवार रात खुले आमसान के नीचे काटी। वहीं प्रधान राजेन्द्र लोधी ने परिवार को आर्थिक मदद पहुंचाने के साथ ही रात में राशन मुहैया कराया। जिसके बाद सोमवार सुबह सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से परिवार को आठ माह का राशन उपलब्ध कराया गया है। लेखपाल सत्यम शर्मा ने बताया कि सभी परिवारों के सामान का आंकलन कर रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी गई है। उसी अनुसार मुआवजा दिलाया जाएगा।



देवारा खुर्द गांव में आग से जला गृहस्थी का सामान। अमृत विचार

# एक, छह व 10 को व्यय का लेखा जांचेंगे प्रेक्षक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● सुबह 10 से शाम पांच बजे तक कोषागार के पेंशनर कक्ष में बैठकर जांचे जाएंगे अभिलेख

● उपलब्ध करानी होगी व्यय लेखा पंजिका, बैंक पंजिका, वाउचर व बैंक स्टेटमेंट

**अमृत विचार।** व्यय प्रेक्षकों ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन लड़ रहे प्रत्याशियों के चुनावी खर्च पर नजर रखनी शुरू कर दी है। वह एक, छह व 10 मई को कोषागार स्थित पेंशनर्स कक्ष में प्रत्याशियों के व्यय लेखा का निरीक्षण करेंगे। इसके लिए प्रत्याशियों या उनके प्रतिनिधियों को तय तिथियों पर सुबह 10 से पांच बजे के बीच कोषागार में उपस्थित होना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) गौरांग राठी ने बताया कि प्रत्याशियों के चुनावी खर्च पर नजर रखने के लिए व्यय प्रेक्षक पहुंच चुके हैं। वह आयोग की गाइड लाइन के तहत प्रत्याशियों के व्यय का अनुवीक्षण करेंगे।

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-33 उन्नाव से चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों को एक, छह व 10 मई को खुद या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से कोषागार के पेंशनर्स कक्ष में प्रेक्षकों के सम्मुख संबंधित तिथियों के एक दिन पूर्व तक का व्यय लेखा प्रस्तुत करना होगा।

जिसमें दैनिक व्यय लेखा पंजिका, बैंक पंजिका, वाउचर व बैंक स्टेटमेंट की तीन-तीन छाया प्रतियां भी उपलब्ध करानी होंगी। डीईओ के मुताबिक तय तिथियों पर व्यय लेखा प्रस्तुत न करने वाले प्रत्याशियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जनसभा, जुलूस व वाहन परमीशन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी जाएगी।

# प्रतिभा अलंकरण समारोह में मेधावियों का किया सम्मान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सोमवार को गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रतिभा अलंकरण समारोह आयोजित हुआ। जहां यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाओं में जिले में स्थान पाने व अच्छे अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उनके माता-पिता को भी सम्मानित किया गया।

प्रतिभा अलंकरण समारोह का शुभारंभ प्रबन्धक राकेश कुमार, कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, सदस्य ओम प्रकाश निषाद, अंजनी अग्निहोत्री, अशोक तिवारी, राम कृष्ण यादव, नगर प्रचारक आकाश, शिशु मन्दिर के प्रधानाचार्य दुर्गेश कुमार सिंह व विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह ने माँ सरस्वती के चरणों में पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसके बाद बोर्ड परीक्षा प्रभारी शिव सिंह ने परीक्षाफल के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि इंटर में छात्रा दीक्षा शुक्ला ने 95.8 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही हाईस्कूल में रिया शर्मा व मोनिका शाह ने 95.5 प्रतिशत अंक हासिल किये। जहां विद्यालय की ओर से मेधावियों को 2100 रुपये की चेक, प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलीवा 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। वहीं हाईस्कूल और इंटर में छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा देने वाले आचार्यों को भी पुरस्कृत किया गया।

प्रधानाचार्य ने कहा कि अब हमारा लक्ष्य प्रदेश की मैरिट में स्थान लाना है इसके लिए सुपर 30 की कक्षाओं का संचालन किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन रवि शंकर श्रीवास्तव ने किया।



मेधावी को पुरस्कृत करते स्कूल के प्रबंधक। अमृत विचार

# गंगा में छलांग लगाने वाले युवक का शव हुआ बरामद

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर मोहल्ले में रहने वाले एक युवक ने दो दिन पहले घर में फोन करने के बाद नवीन पुल से गंगा में छलांग लगा दी थी। जहां सोमवार को गोताखोरों ने उसका शव गंगा में उतराता देखा। जिसकी जानकारी पुलिस को दी।

आजाद नगर निवासी 19 वर्षीय करन सिंह पुत्र स्व. जमुना प्रसाद शनिवार रात साढ़े नौ बजे नवीन गंगापुल पर पहुंचा। जहां फोन पर अपने भाई से बात की और नवीन पुल से गंगा नदी में छलांग लगा दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच की और गोताखोरों को लगाया। जहां सोमवार को उसका शव जाजमऊ से एक किलोमीटर पहले नदी में उतराता मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि युवक के पुल से छलांग लगाये जाने को लेकर जांच पड़ताल की जा रहा है।

# युवक लापता, युवती की शिनाख्त नहीं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बारासगवर थानांतर्गत बक्सर घाट पर रविवार को गंगा स्नान के दौरान युवक-युवती गहरे पानी में डूब गए थे। स्नानार्थियों के शोर मचाने पर नाविकों ने युवती को बाहर निकाल लिया था। लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। वहीं सोमवार को पुलिस ने आठ गोताखोर लगाकर डूबे युवक की तलाश कराई।

बक्सर स्थित सिद्ध पीठ मां चंडिका देवी मंदिर के पास युवक-युवती रविवार शाम चार बजे गंगा स्नान करते समय दौरान डूब गए थे। पवन तनय मंदिर के पीछे तट पर खड़े युवक ने नाविक को सूचना दी थी। इस पर युवती का शव बरामद हुआ लेकिन, उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। सोमवार को भी पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा लिया लेकिन, शिनाख्त नहीं हो सकी। बक्सर चौकी इंचार्ज प्रेम नरायन सरोज ने आठ गोताखोरों से तलाश कराई लेकिन, दो किमी दायरे में भी युवक का पता नहीं लगा।



लापता युवक की तलाश करते गोताखोर व मौजूद लोग। अमृत विचार

# युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव दुर्गा पुरवा निवासी विवाहिता ने घर में फंदे से लटककर जान दे दी।

जैतपुर गांव के मजरा दुर्गा पुरवा निवासी कोमल (25) पत्नी महेंद्र ने अपने घर में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। संदिग्ध परिस्थिति में उसका शव लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। पुलिस ने शव को मोर्चरी भेजा। विवाहिता के एक बेटा व एक बेटी है। उसकी मौत को लेकर ग्रामीणों में पारिवारिक कलह की चर्चा है।

## सार-संक्षेप

### हवन दी आहुति, भंडारे में उमड़े लोग

**शुक्लागंज उन्नाव।** गायत्री नगर भातूफार्म में श्री बाला जी सेवाधाम समिति की ओर से तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कराया गया। जहां सोमवार को सवामनी हवन का धार्मिक अनुष्ठान आचार्यों की मौजूदगी में सम्पन्न कराया गया। जिसके बाद कन्यापूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। गायत्री नगर भातूफार्म में श्री बाला जी सेवाधाम में तीन दिवसीय हनुमंत कथा का आयोजन किया जा रहा था। जहां श्री बालाजी, रामदरबार, राधाकृष्ण, भैरव, प्रेतराज मूर्तियों का विधिविधान से स्थापना करायी गई। जिसके बाद तीन दिवसीय हनुमंत कथा का आयोजन कराया गया। इस मौके पर आकाश पांडेय, श्याम पांडेय, सुरेश पांडेय, अनिल तिवारी, ओम प्रकाश, बृजेन्द्र बहादुर, वीरेन्द्र शर्मा, विवेक दुबे, अशोक पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

### सीमा पर वाहनों की हुई सघन चेकिंग

**शुक्लागंज उन्नाव।** सोमवार को स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने बालूघाट मोड़ के पास चेकिंग की। जहां कुछ वाहनों में झंडे लगे होने पर उन्हें उतरवाया गया और चालकों को हिदायद दी गई। इसके साथ ही अन्य टीमों ने बैराज मार्ग पर भी वाहनों की चेकिंग की। लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, चुनाव पर्यवेक्षक के निर्देश पर कानपुर और शुक्लागंज की सीमा पर चेकिंग करने के लिये स्टेटिक मजिस्ट्रेट सूर्य प्रकाश शुक्ला को तैनात किया है। जिसपर सोमवार को वह पुलिस कर्मियों के साथ बालूघाट मोड़ पर पहुंचे। जहां टीम ने कानपुर से आने जाने वाले चौपहिया वाहनों को रोक कर उनकी तलाशी ली। कार नंबर भी अंकित किये गये। मजिस्ट्रेट ने बताया कि चेकिंग के दौरान कुछ वाहनों में राजनीतिक पार्टियों के झंडे लगे मिले। जिसे उतरवाया गया है।

### साढ़े नौ लाख रुपये लेकर नहीं लौटाए, एफआईआर दर्ज

**बिछिया।** दही थानाक्षेत्र के गजौली गांव निवासी चंद्रशेखर पुत्र बलराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अचलगंज थानाक्षेत्र के पोटरिहा गांव निवासी पीर मोहम्मद व वसीम मोहम्मद ने व्यापार करने के नाम पर बीती 23 जून 2023 को पांच लाख रुपये उसके पिता से लिये थे। इसके बाद 26 जून को साढ़े चार लाख रुपये उससे उधार लिये। वादा किया था कि यह रुपया वह दो माह में वापस कर देंगे। लेकिन, अभी तक उन लोगों ने उसके रुपये नहीं लौटाए हैं। जब भी वह पैसे वापस मांगता है तो वे लोग टाल मटोल कर देते हैं। बीते दिसंबर माह में पीर मोहम्मद व वसीम मोहम्मद ने जनवरी-2024 में अपनी जमीन बिकने पर साढ़े नौ लाख रुपये लौटाने का वादा किया था।

### मामूली बात पर ईंट मारकर युवक का सिर फोड़ा

**शुक्लागंज उन्नाव।** मामूली बात पर कुछ लोगों ने ईंट मारकर उसका सिर फोड़ दिया। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया है। पोनी रोड के बिंदा नगर मोहल्ला निवासी आदर्श निगम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार को वह अपने मित्र के घर पर गया था। जहां कुछ लोगों से मामूली बात को लेकर उकसा झगड़ा हो गया। आरोप है कि वे लोग गालीगलौज करने लगे जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर उन लोगों ने उसके सिर पर ईंट मार दी। जिससे उसका सिर फट गया।

### पट्टे में दुपट्टा फंसने से युवती घायल

**उन्नाव।** बेहटा मुजावर थानांतर्गत मटुकरी गांव निवासी विशुना पत्नी राजेश अपनी बेटी शैलेंद्री (18) के साथ सोमवार सुबह नौ बजे मक्का की फसल में पानी लगा रही थी। प्यास लगने पर इंजन के पास पानी पीने गई शैलेंद्री का दुपट्टा इंजन के पट्टे में फंस गया। इससे उसकी गर्दन कस गई और वह गंभीर घायल हो गई।



## राहगीरों का गंतव्य तक पहुंचना हुआ दुश्वार

# गर्मी में जलमग्न हो रहे शहर के रास्ते

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● गिरकर जख्मी होते रहते हैं दोपहिया वाहन सवार

**अमृत विचार।** इस भीषण गर्मी में शहर के कई मोहल्लों की नालियां चोक होकर उफना रही हैं जिससे शहर की गलियां जलमग्न हो रही हैं। इससे आवागमन करने वाली महिलाओं व युवतियों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। वहीं दोपहिया वाहन सवार जलभराव के बीच गड्ढे होने से चुटहिल हो रहे हैं। शहरियों का कहना है कि जब इस भीषण गर्मी में यह हालात हैं तो आने वाली बारिश के दौरान क्या हाल होगा?

बता दें कि शहर के अधिकांश मोहल्लों की नालियां मौजूदा समय में चोक होकर उफना रही हैं। इससे उनका गंदा पानी सड़क पर भर रहा है। जिससे लोगों को आवागमन में परेशान होना पड़ता है। शहर के रामनगर, अनवार नगर, एबी नगर, तालिब सरांय, आवास विकास कालोनी, पीतांबर नगर, कृष्णानगर, गिरिजाबाग, बुधवारी, शेखवाड़ा, छिपियाना, रामपुरी, बंधूहार व लोकनगर आदि मोहल्लों में इस भीषण गर्मी में भी रास्तों पर जलभराव है। जिससे पुरुषों के अलावा महिलाओं व युवतियों को इसस बचने के लिये दूसरे मोहल्ला की गलियों से होकर गंतव्त तक पहुंचना पड़ता है। नगर पालिका की सेनेट्री इंस्पेक्टर रश्मि पुष्कर ने कहा कि नियमित रूप से नालियों की सफाई कराई जा रही है। दुकानदार व स्थानीय लोग घरों से निकला कूड़ा वहीं नालियों में फेंक देते हैं। जिससे नालियां चोक हो जाती हैं। इसीलिए कभी-कभी ओवरफ्लो की समस्या हो जाती है। ऐसी स्थिति में अगर कहीं से शिकायत आती है तो वहां की तत्काल सफाई कराई जाती है।



शहर के पन्नालाल पार्क में कमला भवन के पास रास्ते में भरा नाली का पानी।

# बस की टक्कर से घायल हुए आटो सवार युवक की मौत

**उन्नाव।** औरास थानाक्षेत्र निवासी युवक की लखनऊ में सड़क हादसे में घायल हुआ था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी खबर मिलते परिजनों में कोहराम मच गया।

भावा खेड़ा गांव निवासी शिवबरन (45) पुत्र सरजू लखनऊ में मजदूरी करता था। रविवार को वह साथियों के साथ गांव से ऑटो रिक्शा से लखनऊ जा रहा था। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर लखनऊ टोल प्लाजा के पास सर्विस लेन पर बस की टक्कर से ऑटो पलट गया था। वहीं ऑटो सवार अन्य लोग बाल-बाल बच गए थे। उसे पहले काकोरी सीएचसी लाया गया। जहां से डाक्टर ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया था।

# पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत पड़ोसियों से की पूछताछ

**चांदनी हत्याकांड**

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● शादी के आठवें दिन ही पति ने नवविवाहिता की मुंह दबाकर की थी हत्या

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ अखलॉक नगर में शादी के आठवें दिन पति ने पत्नी की मुंह दबाकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। मृतका के भाई ने पति समेत पांच के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। दूसरे दिन घटना के तह तक जाने के लिये सीओ और पुलिस कर्मियों ने नामजद आरोपियों और पड़ोसियों से पूछताछ की है।

जाजमऊ अंबेडकर नगर नई बस्ती नूरी रोड निवासी जुम्मन की 21 वर्षीय बेटी चांदनी की शादी 21 अप्रैल 2024 को अखलाक नगर 40 फीट रोड निवासी नदीम पुत्र रफीक के साथ हुई थी। शादी के आठवें दिन पति ने चांदनी को मारने-पीटने के बाद हत्या कर दी थी। जहां पीएम रिपोर्ट में मुंह दबाकर मौत होने की पुष्टि हुई थी। मृतका के भाई मंसूर ने पति नदीम, ससुर रफीक, सास आमना, ननद उजाला व देवर नईम के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं घटना के दिन ही पुलिस ने मुख्य आरोपी पति को हिरासत में लिया था। जहां दूसरे दिन पुलिस ने घटना को लेकर मुख्य आरोपी से कड़ाई से पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के बाद जो भी साक्ष्य सामने आयेंगे उसकी के आधार पर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

